

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



तेल में मिलाकर लगाएं ये चीजें, बालों की तमाम समस्याएं होंगी ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

रविवार, 09 अप्रैल 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 10 अंक: 108 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# वदे भारत को पीएम ने दिखाई रही झंडी

## बोले– कुछ मुट्ठीभर लोग विकास कार्यों से बौखलाए हुए हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तेलंगाना दौरे पर हैं। तेलंगाना में उन्होंने सिकंदराबाद और तिरुपति के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने सिकंदराबाद–तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस का निरीक्षण किया और स्कूली बच्चों से बातचीत की। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि तेलंगाना–आंध्रप्रदेश को जोड़ने वाली एक और वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई गई। यह ट्रेन एक प्रकार से आस्था, आधुनिकता और टूरिज्म को जोड़ने वाली है। इसके साथ ही आज यहां 11 हजार करोड़ रुपए से



अधिक के प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हम सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर काम कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि हैदराबाद में करीब 70 किलोमीटर का मेट्रो नेटवर्क बनाया गया है। आज यहां 13 डडजै सर्विस शुरू हुई है, डडजै का तेजी से विस्तार हो सके जिसके लिए तेलंगाना के लिए 600 करोड़ रुपए रखे गए हैं। ये परियोजनाएं राज्य में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी और बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि रेलवे के साथ ही केंद्र सरकार द्वारा यहां हाईवे के प्रोजेक्ट का तेजी से विकास किया जा रहा है। केंद्र सरकार तेलंगाना में आध ुनिक नेशनल हाईवे के निर्माण के लिए जुटी है। मोदी ने कहा कि आज का नया भारत, 21वीं सदी का नया भारत, देश के कोने–कोने में तेजी से आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहा है। केंद्र सरकार भी तेलंगाना में हाईवे नेटवर्क का तेजी से विकास कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ मुट्ठीभर लोग विकास कार्यों से बौखलाए हुए हैं, ऐसे लोग जो परिवारवाद, भाई–भतीजावाद और भ्रष्टाचार को पोषित करते रहे उन्हें काम करने वाले लोगों से परेशानी हो रही है। इन्हें देश, समाज के भले से कोई लेनादेना नहीं है।

# श्रीनगर में 22 से 24 मई के बीच होगी जी-20 बैठक

## देश के इन शहरों में भी होगा सम्मेलन का आयोजन

श्रीनगर। दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को होने वाले बड़े जी20 शिखर सम्मेलन तक भारत इस समूह की 70 से अधिक बैठकों की मेजबानी करेगा। अगले महीने ळ20 की बैठक जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में निर्धारित है। इसके अलावा केवडिया, हम्पी, ऋषिकेश और महाबलीपुरम जैसे दिलचस्प स्थानों पर भी जी–20 की बैठक होगी। जानकारी के मुताबिक भारत ने कई वर्षों के लंबे अंतराल के बाद 22 मई से 24 मई तक श्रीनगर में पर्यटन कार्य समूह



की तीन दिवसीय जी20 बैठक निर्धारित की है। अधिकारियों का कहना है कि यह अनुच्छेद 370 निरस्त होने के बाद जम्मू–कश्मीर में सामान्य स्थिति के एक बड़े संदेश के रूप में काम करेगा। केंद्र ने पहले कहा था कि श्रीनगर एक प्रमुख पर्यटन स्थल भी है और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर ने 2022 में रिकॉर्ड 1.84 करोड़ पर्यटकों को देखा। ळ20 प्रतिनिधियों को श्रीनगर के चारों ओर ले जाया जाएगा और कार्यक्रम होने से पहले शहर को सुशोभित किया जाएगा। अन्य आगामी महत्वपूर्ण ळ20 बैठकें 19–21 जून को केवडिया, गुजरात में व्यापार और निवेश समूह की बैठक होंगी।

तीसरी शेरपा बैठक 10–12 जुलाई को कर्नाटक के हम्पी में निर्धारित की गई है और वहां जुलाई में एक संस्कृति समूह की बैठक भी आयोजित की जाएगी। हम्पी अपने स्मारकों के समूह के लिए प्रसिद्ध है, जो यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल हैं। इससे पहले ळ20 की दो शेरपा बैठकें उदयपुर और कुमारकोम में हुई थीं। ऋषिकेश शहर में 26–28 जून तक इंफ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप की ळ20 बैठक भी होगी। महाबलीपुरम 19–21 जून तक स्थायी वित्त कार्य समूह की मेजबानी करेगा। शिखर सम्मेलन तक ळ20 बैठकों के अन्य स्थानों में वाराणसी, गोवा, पुणे, इंदौर, चेन्नई और गांधीनगर शामिल हैं।

## राहुल की लोकतंत्र वाली टिप्पणी को लेकर जगदीप धनखड़ ने साधा निशाना, कहा– ये दुखद है जब कुछ लोग...

नई दिल्ली। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप ६



ानखड़ ने राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि यह दुखदायी होता है जब कुछ लोग विदेशी जमीन पर उभरते भारत की छवि खराब करने की कोशिश करते हैं। दिल्ली में समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए धनखड़ ने कहा कि यह दुखद है जब हमारे बीच कुछ लोग विदेशी भूमि पर उभरते हुए भारत की छवि को खराब करने की कोशिश करते हैं। इसे रोका जाना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, जिसके दिल में देश का हित है, वह हमेशा इस बारे में बात करेगा कि भारत क्या कर रहा है और उसे कहां सुधार करना चाहिए। मेरा मानना घ्घ्है कि हमारे नेताओं को विदेशी ६ ारती पर देश की आलोचना करने के बजाय उन कमियों या उन क्षेत्रों को दूर करने पर काम करना चाहिए जहां हम कमी कर रहे हैं। गांधी ने यूके में कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में अपनी टिप्पणी में कहा था कि हर कोई जानता है और यह काफी खबरों में है कि भारतीय लोकतंत्र दबाव में है और हमले में है।

# भारत में 80 करोड़ को फ्री राशन, पाकिस्तान में पड़ रहे रोटी के लाले

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पड़ोसी मुल्क पर सीधा अटैक

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है और दुनिया देश की ओर देख रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कौशमाबी महोत्सव का उद्घाटन किया और विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम के दौरान कौशांबी में लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत सरकार पिछले तीन साल से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रही है, जबकि पाकिस्तान में लोग खाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने कौशाम्बी महोत्सव के माध्यम से क्षेत्र के पारंपरिक मूल्यों को एक अंतरराष्ट्रीय मंच देने के लिए केंद्रीय मंत्री अमित शाह को ६ ान्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के युवाओं को खेल गतिविधियों में भाग लेने, स्वस्थ जीवन जीने और देश के विकास में योगदान देने की प्रेरणा मिल रही है। उन्होंने आगे कहा कि आज गृह मंत्री द्वारा 612 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है। कौशाम्बी का बहुत गहरा ऐतिहासिक संबंध है। यह उस समय के 16 महाजनपदों में से एक था। यह भी माना जाता है कि भगवान राम ने भी अपना समय बिताया था।

## पंजाब की आप सरकार में 200 करोड़ रुपये का शराब घोटाला! अकाली दल ने दिल्ली की तर्ज पर की एक्शन की मांग

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने शुक्रवार को



पंजाब में आबकारी विभाग में 200 करोड़ रुपये के शराब घोटाले का आरोप लगाते हुए धोखाधड़ी की सीबीआई जांच और दिल्ली की तर्ज पर सभी दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। इस फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करते हुए वरिष्ठ शिअद नेता बिक्रम सिंह मजीठजा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान और वित्त मंत्री हरपाल चीमा पर आबकारी राजस्व में 41 प्रतिशत वृद्धि का दावा करते हुए झूठ बोलने का भी आरोप लगाया जबकि कहा कि वृद्धि केवल 10.26 प्रतिशत थी। मजीठिया ने 200 करोड़ रुपये के घोटाले का पर्दाफाश करने के लिए मंत्रियों के एक समूह की रिपोर्ट सहित मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित दस्तावेज मीडिया को जारी किए। उन्होंने आबकारी आयुक्त से एक दस्तावेज जारी किया जिसने वर्तमान आबकारी नीति में अंतराल और कमियों का विश्लेषण करने के लिए एक समिति का गठन किया।

## सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत, मुख्यमंत्री ने शोक जताया

बलरामपुर। जिले में शनिवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में कार सवार एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना श्रीदत्तगंज थाना अंतर्गत विशंभरपुर गांव के पास हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर जिले में हुए सड़क हादसे में लोगों की मौत पर गहरा दुःख प्रकट किया और अधिकारियों को मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक (एसपी) केशव कुमार ने कहा कि नैनीताल में एक पेपर मिल में काम करने वाले देवरिया जिले के सोनू शाह (28) अपनी पत्नी, बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ शुक्रवार शाम को अपने गांव के लिए निकले थे। एसपी ने बताया कि शनिवार सुबह विशंभरपुर गांव के पास एक अज्ञात वाहन से कार की टक्कर हो गई जिसमें शाह, उनकी पत्नी सुजावती (25), उनके दो बच्चों रुचिका (छह) और दिव्यांशु (चार), शाह के भाई रवि (18) तथा बहन खुशी (13) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि पीड़ित के कार को टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान और उसे जब्त करने के लिए छह टीम गठित की गई है। पुलिस ने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और वे यहां पहुंच गए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने लखनऊ में बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर जिले में हुए सड़क हादसे में लोगों की मौत पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# भिड़ेंगे इजरायल–ईरान, गल्फ बनेगा जंगी मैदान, अब इस महासंग्राम में हो जाएगी रूस और अमेरिका की भी एंट्री

नई दिल्ली। दो दिन से इजरायल के ऊपर रॉकेट बरस रहे हैं। धमाके हो रहे हैं। धुएं का गुबार नजर आ रहा है। हमास लगातार इजरायल पर रॉकेट दाग रहा है। आसमान में रॉकेट की कतारें नजर आ रही हैं। हमास ने लेबनन की तरफ से भी 44 रॉकेट दागे हैं। अल अक्सा हिंसा के बाद हमास और इजरायल के बीच नया युद्ध छिड़ गया है और जिसका असर पूरे अरब में दिखने लगा है। लगातार हमले होने के बाद अब इजरायल ने भी काउंटर एयर स्ट्राइक की है। इजरायली एयरफोर्स ने दक्षिणी गाजा पर कई मिसाइलें गिराई। इजरायल हमास संगठन के ठिकानों को निशाना बना रहा है।



अल अकसा हिंसा के बाद इजरायल पर रॉकेट हमले हो रहे हैं। इजरायल पर लेबनॉन की जमीन से हमास के ग्रुप रॉकेट दाग रहा है। लेबनन फिलिस्तीन, सीरिया और ईरान ने इजरायल पर हमले की ६ ामकी जारी कर दी है। इजरायल ने गाजा और लेबनॉन के उस इलाके पर एयर स्ट्राइक भी की है जहां से हमास टेरर ग्रुप इजरायल पर रॉकेट दाग रहा है। अरब का संकट अब बड़ा होता जा रहा है। आशंका है कि अल अक्सा हिंसा के बाद युद्ध कभी भी छिड़ सकता है। युद्ध छिड़ा तो ईरान के समर्थन में रूस और इजरायल के समर्थन में अमेरिका उतर सकता है। ईरान ने गाजा पट्टी और लेबनान में हाल ही में इजरायल के हमलों की निंदा की है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इजरायल के ष्आक्रामक कार्योंष के लिए षनिवारकष प्रतिक्रिया का आग्रह किया। यहूदी फसह और रमजान के मुस्लिम पवित्र महीने के दौरान इजरायल और फिलिस्तीनियों के बीच तनाव बढ़ गया है, जिससे आने वाले दिनों में और बढ़ने की चिंता बढ़ गई है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने कहा कि लेबनान पर हमले देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन है।

## अडानी मुद्दे पर शरद पवार की टिप्पणी पर विपक्ष को करना चाहिए गौर, कांग्रेस, उद्धव पर शिंदे का प्रहार



मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अडानी मुद्दे का विरोध करने वालों को इस मुद्दे पर राकांपा प्रमुख शरद पवार की टिप्पणियों पर ध्यान देना चाहिए। यह एनसीपी सुप्रीमो द्वारा एनडीटीवी के साथ एक साक्षात्कार के दौरान अडानी समूह की संसदीय जांच के लिए विपक्ष के अभियान को खारिज करने के बाद आया है। शिंदे ने कहा कि इस तरह के बयान पहले भी अन्य व्यक्तियों द्वारा दिए गए थे और कुछ दिनों तक संसद में हंगामा भी हुआ था लेकिन इस बार इस मुद्दे को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया गया। उन्होंने कहा कि जब वे ऐसे मुद्दे उठाते हैं जो पूरे देश में हंगामा पैदा करते हैं, तो लागत देश की अर्थव्यवस्था द्वारा वहन की जाती है और कहा कि समूह पर हमला ष्लक्षितष लग रहा था। विपक्ष अमेरिका स्थित शॉर्टसेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति की जांच की मांग कर रहा है।






# दिल्ली की शिक्षा क्रांति के पीछे सिसोदिया का हाथ, आसुरी शक्तियों ने उन्हें जेल भेजा, बोले केजरीवाल

राष्ट्रीय राजधानी में मनीष सिसोदिया को शिक्षा क्रांति का शिल्पकार बताते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में उनके उपलब्धियों का देश भर में प्रभाव था। देश भर की सरकारों पर ६ ाीरे–धीरे सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे को बंद करके उनकी जगह निजी स्कूलों को स्थापित करने का आरोप लगाते हुए केजरीवाल ने कहा कि सिसोदिया के आने तक दिल्ली में गरीब परिवारों के बच्चों ने अपने शैक्षणिक सपनों को छोड़ दिया था। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि आज, दिल्ली के सरकारी स्कूलों के बच्चे प्प्ज् में प्रवेश ले रहे हैं और अखिल भारतीय चिकित्सा परीक्षा पास कर रहे हैं। यह एक क्रांति है। इसके साथ ही केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली ने पिछले 8 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति देखी हैय इस क्रांति के



पीछे केवल एक व्यक्ति हैदृ मनीष सिसोदिया। उन्होंने कहा कि इस स्कूल में फ्रेंच–जर्मन–स्पेनिश–जापानी पढ़ाई जाती है। मैं चौलेंज करता हूँ किसी निजी स्कूल में इतनी विदेशी भाषाएं पढ़ाई जाती हो तो मेरा नाम बदल देना। ये स्कूल कोलम्बिया विश्वविद्यालय की तरह दिखाई देगा। ऐसा लगेगा बच्चा कोलंबिया यूनिवर्सिटी में पढ़कर आया है। उन्होंने कहा कि पहले सरकारी स्कूलों में पढ़कर ही प्।ै–प्च्ै, वैज्ञानिक, डॉक्टर बनते थे। 1990 के बाद सरकारी स्कूलों को षड्यंत्र के तहत बर्बाद किया और प्राइवेट स्कूल तेजी से बढ़े। लेकिन 8 साल में दिल्ली के सरकारी स्कूल शानदार हो गए है। इसके साथ केजरीवाल ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। केजरीवाल ने कहा कि 75 साल में सरकारी स्कूलों का बेड़ा गर्क कर दिया गया। देश की किस्मत थी जो मनीष सिसोदिया मिले जिन्होंने सरकारी स्कूल शानदार बनाए। इन्होंने उनको जेल में डाल दिया, श्री राम को भी वनवास हुआ था। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जब कोई अच्छा काम करता है तो सारी असुरी शक्तियां इकट्ठी हो जाती हैं।

उन्होंने कहा कि सच्चाई के रास्ते पर चलने वालों की भगवान परीक्षा लेते हैं। सत्यवादी राजा हरीशचंद्र का राज पाठ चला गया। सिसोदिया की भी कड़ी परीक्षा है और इस स्कूल के बच्चे जैसे अच्छे नंबर लाएंगे, वैसे ही सिसोदिया भी पूरे अंकों से पास होंगे और इस स्कूल का उद्घाटन करेंगे।

# देश में जाती की नही बल्कि अमीरी और गरीबी की लड़ाई:अरविंद राजभर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। राजा गुह्य राज निषाद की जयंती पर गणेश पुर नगर पंचायत में विशाल जनसभा का आयोजन शनिवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के युवा नेता राहुल निषाद के द्वारा किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अरविंद राजभर सहित महादेवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक दूध राम वरिष्ठ नेता राम ललित चौधरी विनोद राजभर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरविंद राजभर ने कहा कि देश में जाती की नही बल्कि अमीर और गरीब की लड़ाई है हमारी पार्टी जब भी सत्ता में आएगी तो हम बिजली, पानी, नौकरी सहित महिलाओं के आरक्षण और उनके सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाएंगे। एक सवाल का जवाब देते हुए राजभर ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार समानता की बात करती है



लेकिन वही जनता द्वारा चुने गए विधायकों में ही भेदभाव कर रही है भारतीय जनता पार्टी से विजय विधायकों को 5 करोड़ रूपया अतिरिक्त कोष देखकर उनका मनोबल बढ़ाने का काम कर रही है तो दूसरी तरफ अन्य पार्टियों के विधायकों को कुछ नहीं मिला इस कारण कई जनपदों में विकास कार्य बाधित हो रहा है।उन्होंने कहा कि गणेशपुर नगर पंचायत से राहुल निषाद बाहुबली, धनबली को चुनौती दे रहा है वह गरीबों की आवाज बंद कर उनके साथ खड़ा है और उनकी हर संभव मदद कर रहा है जिसका परिणाम है कि सभी का स्नेह और प्यार मिल रहा है इस दौरान बृजभूषण मिश्र,मनोज राजभर,अमन राजभर सहित शेष नारायण त्रिपाठी तुलसी राम राजभर सुनीता राजभर नंदिनी ,प्रेम कुमार गौतम ,राजेश राजभर ,राजबहादुर निषाद रामप्रीत राजभर आशीष रामनरेश उमेश राजभर अजय श्रीवास्तव राजा बाबू यादव नागेंद्र यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# श्री राम कथा मनुष्य को जीने का सही रास्ता दिखाती है : संतोष जी महाराज

दैनिक बुद्ध का सन्देश

इटियाथोक/गोंडा। इटियाथोक क्षेत्र के ग्राम पंचायत पारा सराय में चल रही श्रीराम कथा में कथा व्यास के रूप में संतोष जी व्यास महाराज ने गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरितमानस में लिखें चौपाइयों का वर्णन करते हुए बताया श्री राम कथा ऐसी कथा है जिसे सुनकर पतित व्यक्ति भी पावन बन जाता है कथा में भगवान के जन्म का संगीत में कथा के माध्यम से बहुत ही सुंदर वर्णन किया जिसे सुनकर उपस्थित भक्तगण मंत्रमुग्ध हो गए। कथा व्यास ने उपस्थित भक्तगण को भजन और भोजन के बारे में बताया भजन करने की कोई सीमा नहीं होती वही भोजन ज्यादा हो जाए तो कष्ट का कारण बनता है यह कम किया जाए तो भी कष्ट कारक होता है। कथा व्यास ने बताया वर्तमान में कुछ लोग मानस की





चौपाइयों पर राजनीति करते हैं जबकि उन्हें मानस की चौपाइयों का अर्थ मालूम नहीं है मानस की चौपाइयां अवधी भाषा में है जिसमें गोस्वामी तुलसीदास ने अवधी भाषा में भगवान श्री राम के चरित्र चित्रण के साथ–साथ कई ऐसी बातें बताई है जिनका पालन कर पतित व्यक्ति भी ईश्वर का प्यारा बन सकता है श्री राम नाम में वह गुण है जिसके कारण कनिका व अजामिल जैसे लोग पावन बन गए इसलिए कहीं भी मौका मिले तो श्री राम कथा अवश्य सुननी चाहिए और उसका अपने जीवन में पालन अवश्य करना चाहिए। आपको बता दें श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं विराट मानस वेदांत संत सम्मेलन का आयोजन किया गया है जो 1 अप्रैल से शुरू होकर 9 अप्रैल तक चलेगा 9 अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ एक कार्यक्रम समाप्त होगा इस अवसर पर डॉक्टर करुणा पति त्रिपाठी, ओम प्रकाश शुक्ला, ,सत्यनारायण पटवा, बाबूराम पटवा, अनुराग त्रिपाठी उर्फ प्रकाश, अभिमन्यु शुक्ला उर्फ मन्नू, पंकज तिवारी, ओम प्रकाश मिश्र, संतोष तिवारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं क्षेत्र के महिला एवं पुरुष एवं बच्चे कथा में उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोंडा। जनपद के समस्त थाना परिसर में अप्रैल माह के दूसरे





शनिवार को किया गया थाना समाधान दिवस का आयोजन सुनी गई फरियादियों की फरियाद न्याय का दिया गया आश्वासन। अप्रैल माह के दूसरे शनिवार को थाना मोतीगंज परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा किया गया थाना परिसर क्षेत्र के लोगों ने अपनी समस्याएं रखी जिन की समस्याओं को सुनकर निराकरण का आदेश संबंधित को दिया गया इस दौरान थाना अध्यक्ष मोतीगंज प्रबोध कुमार व अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे वह कोतवाली करनैलगंज परिसर में भी थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण का आदेश संबंधित को दिया गया इसी प्रकार जनपद के समस्त थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

# विश्वविद्यालय मुहिम को मिली रफ्तार स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री को भेजा पोस्टकार्ड

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोंडा। जिले में विश्वविद्यालय स्थापना को लेकर गोंडा मांगे विश्वविद्यालय मुहिम को गति प्रदान करने के क्रम में इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह के नेतृत्व में शनिवार को फुलवारी पब्लिक स्कूल गोंडा के छात्रों ने मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड भेजकर मंडल मुख्यालय जनपद गोंडा में विश्वविद्यालय स्थापना की मांग की है अविनाश सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय की स्थापना जनपद गोंडा में ही होनी चाहिए इसीलिए हम सभी लगातार एक के बाद एक मुहिम चला रहे हैं इसी क्रम में शनिवार को स्कूल के बच्चों द्वारा पोस्ट कार्ड भेज कर विभिन्न स्कूलों द्वारा इसका



समर्थन किया गया है इसी तरह सोमवार को भी विभिन्न स्कूलों के बच्चों, समाजसेवियों, व्यापारियों, अधिवक्ताओं, शिक्षकों, सफाई कर्मचारियों द्वारा पोस्टकार्ड भेजकर मंडल मुख्यालय पर विश्वविद्यालय स्थापना की मांग की जाएगी इसी के साथ जनप्रतिनिधियों, पूर्व जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों के अध्यक्षों व अन्य लोगो से मुलाकात करके जनसमर्थन लिया जाएगा। फुलवारी पब्लिक स्कूल की प्रबंधक नीता सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रस्तावित स्थल डोमाकल्पी लखनऊ हाइवे के निकट है जिससे यहां आवागमन की सुचारू रूप से सुविधा है डोमाकल्पी भगवान श्रीराम जन्मभूमि के चौरासी कोसी परिक्रमा की परिधि में है जबकि मंडल के अन्य जिले बाढ़ ग्रस्त इलाके है युवाओं ने कहा कि विश्वविद्यालय स्थापना मंडल मुख्यालय पर ही होना चाहिए नही तो युवा सड़क पर उतरेंगे।

# आग लगने से गेहूं का खेत जलकर राख

दैनिक बुद्ध का संदेश

जनपद बस्ती। गेहूं के खेत में आग लगने की सूचना मिलने






पर उप जिलाधिकारी आनंद श्रीनेत व तहसीलदार महोदय केसरी नंदन त्रिपाठी तथा प्रभारी निरीक्षक थाना रूधौली संजय कुमार मय पुलिस बल द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचना दे कर तत्काल ग्राम मुड़ा डीहा भोपालपुर,हनुमानगुज,हरैया मिश्र मे घटना स्थल पर पहुंच कर ग्राम वासियों एव फायर ब्रिगेड की मदद से आग को बुझाया गया। आगजनी मे विवेक, बिमलावती देवी, पन्नालाल, अंगद, रामशंकर सिंह, चूनीलाल, जगदीश, रामहित, लक्ष्मण प्रसाद, नंदलाल ,छोटेलाल मुस्ताक मुख्तार अली आदि ग्रामवासी थाना रुधौली उक्त लोगों के गेहूं के खेत में आग लगने के कारण काफी नुकसान हुआ है। लगभग 100 बीघा गेहूं की खेत में आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख हो गया है। मौके पर नायब तहसीलदार के साथ राजस्व लेखपाल की टीम बनाकर मौका का मुआयना कराया जा रहा है। आग को बुझा दिया गया है। आग बुझाने में प्रभारी निरीक्षक महोदय संजय कुमार ,चौकी प्रभारी हनुमानगंज अजय सिंह हेड कांस्टेबल दिग्गविजय सिंह ,कांस्टेबल राजू यादव, कांस्टेबल जितेंद्र यादव, कांस्टेबल अंकित राय, कांस्टेबल मनोज यादव पुलिस बल का तथा स्थानीय लोगों का अहम योगदान रहा। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# नदी मे मछली का शिकार कर रहे मछुवारों को मिली अष्टधातु की मूर्ति

दैनिक बुद्ध का सन्देश

मनकापुर,गोंडा। मसकनवा गौराचौकी मार्ग पर हथियागढ़ के समीप सिंगारघाट गांव के पास बिसुही नदी में मछली का शिकार करते समय एक व्यक्ति के जाल में शेर पर सवार दुर्गा जी की प्रतिमा फस गई। पुलिस के अनुसार प्रतिमा अष्टधातु की प्रतीत हो रही है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रतिमा को कब्जे में लिया है। प्रभारी निरीक्षक छपिया सतानंद पांडेय ने बताया कि क्षेत्र में सिंगारघाट के निकट बिसुही नदी में कुछ स्थानीय लोग मछली के



शिकार के लिए जाल लगाए थे। राम लोटन पुत्र बुधई निवासी हथियागढ़ की जाल में शेर पर सवार माता दुर्गा जी की प्रतिमा फंस गयी। जिसकी सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी हथियागढ़ अरूण कुमार गौतम व हेड कांस्टेबल मलखा प्रसाद को मौके पर भेजा गया।

नदी में मिली प्रतिमा को कब्जे में लिया गया। पुलिस के अनुसार शेर पर सवार दुर्गा जी की प्रतिमा अष्टधातु की प्रतीत हो रही है। प्रभारी निरीक्षक ने दूरभाष पर बताया कि आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए डीसीआर को सूचित किया जा रहा है।

# पुलिस ने जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल देवरिया गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर




ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे।उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर बलवा कर जानलेवा हमला करने का आरोपी अभियुक्त प्रिंस सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त प्रिंस सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह निवासी महिपतसिंह पुरवा मौजा खोरहंसा थाना कोतवाली देहात गोंडा ने जमीनी विवाद को लेकर अपने साथियों के साथ एक राय होकर जान से मारने की नीयत से मारा पीटा था। जिसके सम्बन्ध में वादी द्वारा थाना कोतवाली देहात में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार कर्ता टीम में उ0नि0 सुभाष यादव मय टीम शामिल रहे।

# डिप्टी एसपी बनकर जिले का लाल किया कमाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला,बलरामपुर। भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र ने डिप्टी एसपी बनकर जिले का नाम रोशन किया है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय चौबेपुर व कक्षा 9 से 12 तक की शिक्षा भारतीय इंटर कॉलेज उतरौला में हुई। स्नातक एवं परास्नातक की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पूर्ण किया। दिल्ली में यूपी पीसीएस की तैयारी करने के लिए चले गए। अपने लगन व मेहनत के कारण इन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। इनके पिता दुर्गेश कुमार पांडेय जो कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय ग्राम कठेर शिक्षा क्षेत्र गैसड़ी में प्रधानाध्यापक के पद



पर तैनात हैं। इनके बाबा स्वर्गीय श्याम नारायण पांडेय भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज उतरौला के संस्थापक एवं प्रबंधक थे। भूपेश पांडेय ने इसका श्रेय माता–पिता व गुरूजनों को देते हुए कहा कि इस मुकाम तक पहुंचाने में उन सभी का महत्वपूर्ण योगदान व मार्गदर्शन रहा। चयन की सूचना मिलने के बाद घर व मित्रों में हर्ष की लहर दौड़ गई। इनके बड़े भाई अमरीश पांडेय उतरौला के भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज में लिपिक के पद पर तैनात हैं। भूपेश पांडेय के उतरौला निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।इनके सहपाठी मित्र सुशील तिवारी, अंकित पांडेय,नीरज शुक्ला, अमित पाठक, विकास मोदनवाल,संदीप श्रीवास्तव,बजरंगी गुप्ता, अमन प्रीत सिंह ने बधाई दी है।

# शांतिभंग की आशंका को लेकर दो अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

जनपद–बस्ती। पुलिस अधीक्षक महोदय बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक महोदय बस्ती दीपेन्द्र नाथ चौधरी के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी महोदय मति प्रीती खरवार रूधौली के कुशल निर्देशन में प्रभारी नरीक्षक महोदय थाना रूधौली संजय




कुमार के नेतृत्व में रूधौली पुलिस टीम द्वारा शान्ति भंग की आशंका को लेकर 02 नफर अभियुक्तगण01. राम शब्द यादव पुत्र स्वर्गीय रामउजागीर उम्र करीब 58 वर्ष निवासी ग्राम पिपरा कला थाना रूधौली जनपद बस्ती 02. कोमल यादव पुत्र राम उजागिर उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम पिपरकला थाना रुधौली जनपद बस्ती। को अंतर्गत धारा 151ध107ध116 ब्तचब में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण 1. श्रीराम सिंह थाना रूधौली बस्ती जनपद बस्ती 02. विनय कनौजिया थाना रूधौली जनपद बस्ती।

# लोकप्रियता की तरफ बढ़ रहा है पीपीएस महोत्सवः सांसद जगदम्बिका पाल

## दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव में स्कूली बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति, नृत्य, नाटक, गीत के साथ हुआ कार्यक्रम का समापन





दैनिक बुद्ध का सन्देश
शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ कस्बे मे स्थिति पीपीएस पब्लिक स्कूल मे दो दिवसीय पीपीएस महोत्सव कार्यक्रम शुक्रवार को समापन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने कहा– यह खुशी की बात है कि पीपीएस पब्लिक स्कूल गड़ाकुल शोहरतगढ़ परिसर में पीपीएस महोत्सव का आयोजन हुआ है। इस महोत्सव में उमड़ा लोगों का हुजुम दर्शाता है कि यह महोत्सव दिनों दिन लोकप्रिय की ओर बड़ रहा है। बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई कर श्रेष्ठ नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया और सांसद ने कहा कि अगर मै दुबारा कार्यकाल मे आया तो पीपीएस स्कूल को पांच लाख रुपये का अनुदान दूगा। विशिष्ट अतिथि डा.पवन मिश्रा, कौशैलेन्द्र मणि त्रिपाठी पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि जोगिया ने कहा कि पीपीएस स्कूल की छात्र–छात्राएं हर एक क्षेत्र में आगें बढ़कर अपने साथ साथ स्कूल का भी नाम रोशन करेगी। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के द्धारा बैज लगाकर, माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया।इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतित डांस कुर्ता पैजामा, झुमका गिरा रे, जिस देश में गंगा रहता है छात्रध्छात्राओं सुमेरा,अनन्या गिरी, आशिंका रावत, अनन्या जायसवाल, पलक, एंजल, सुप्रिया, महिमा, लक्ष्मी, रिशम् वर्मा, मंयक, सवेच्छा, अदीबा, वैष्णवी, प्रतीक, युवराज, बृजेश, विनय शर्मा, अमर, शुभम ,काव्या, सानवी, सचि, सदफ, वासु, किशन, अजीम, शिवा, अर्पित, बृजेश, रहीम, जुनेद, नैतिक, मयंक, प्रखर,उमंग, अमन, अभिषेक ,सत्यम, असीम, आयुष व देश भक्ति नाटक अभय अदीप ,अभिजीत, विशाल, आकाश, वरुण, पंकज, शुभम, विकास, सुनील,गीत वो राधा तेरे विना मै हूँ आधा ,आकांक्षा, कविता आदि बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद इमरान खान,जय ने किया।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील इकाई शोहरतगढ़ के पदाधिकारियों को भी अध्यक्ष राकेश तिवारी, महामंत्री मुस्तन शेरुल्लाह की उपस्थिति में सभी पत्रकारों को बैज लगाकर व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया, इस दौरान पत्रकारों को भी मोमेंटो भेंट किया गया। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल, कौशैलेन्द्र त्रिपाठी, डा.पवन मिश्रा,सूर्य प्रकाश पाण्डेय(पहलवान), रामविलास यादव, रवि अग्रवाल, अमित गुप्ता, सोनू निगम, गोपाल फौजी, संतोष पासवान, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, रवि सिंह,अमित गुप्ता, दधिचि, उपेन्द्र शुक्ला, पप्पू यादव, जगतनारायण, महेंद्र यादव, मोहम्मद मुख्तार, अरविंद अग्रहरि,संरक्षक राम अचल श्रीवास्तव, कृष्ण देव मिश्र, प्रबंधक पाटेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य सूर्यकान्त उपाध्याय, अध्यापक कैलाश पाठक, पंकज, श्रवण, दिनेश, राकेश, विजय चौधरी, सिराज अली, राहुल चौधरी, शुभम, अर्जुन चौधरी व अध्यापिका रीना श्रीवास्तव, रेनू वर्मा, सविता वर्मा, पूनम, फिरदौस बानो, सुनीता, अर्चना, सौम्या ,पुष्पा, सृष्टि, कोमल आदि लोग मौजूद रहे।

# ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती पर होगी गोष्ठी

## कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ए.के.शर्मा हो सकते हैं शामिल

दैनिक बुद्ध का सन्देश
डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर।





डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। भाजपा द्वारा महत्मा ज्योतिबा फुले जी की 196 वें जन्म जयंती पर पुष्पार्चन एवं गोष्ठी का नगर पंचायत के मंगल भवन में आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया गया हैं। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पार्टी सामाजिक न्याय सप्ताह के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों के रूप में 6 अप्रैल को स्थापना दिवस से लेकर भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जन्म जयंती 14 अप्रैल तक विभिन्न आयोजन जिला मुख्यालयों पर कर रही हैं जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री सम्मलित होंगे। सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत समाज के सभी वर्गों की सहभागिता को सुनिश्चित करते हुए पार्टी कार्यक्रमों का आयोजन कर रही हैं। इसी क्रम में 11 अप्रैल को महत्मा ज्योतिबा फुले जी की जन्म जयंती पर पुष्पार्चन एवं गोष्ठी का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा हैं। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा 11 अप्रैल को जिला स्तर पर महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती पर उनकी चित्र पर पुष्पार्चन कर उनके विचारों एवं समाज सुधार के लिए किए गए कार्यों को लेकर संगोष्ठी आयोजित की जायेंगी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर विकास व ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार तथा जिले के प्रभारी मंत्री एके शर्मा सम्मलित होंगे। इसी क्रम में शनिवार को उपजिलाधिकारी कुणाल, अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप सिंह ने जिलामहामंत्री भाजपा मधुसूदन अग्रहरि, मण्डल अध्यक्ष अमरेंद्र त्रिपाठी के साथ में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। पूर्व विधायक ने इस कार्यक्रम में सभी से सम्मलित होने का आवाहन किया हैं।

# 22 किलोमीटर खुशहाली देगा बाईपास, जाम से मिलेगा निजात

## – 110 हेक्टेयर भूमि होगी अधिग्रहीत, 968 किसानों को मुआवजा देने की तैयारी

देवरिया। सिरजम के पास से 22 किमी लंबा निकलने वाला बाईपास क्षेत्र के लोगों के लिए खुशहाली का रस्ता लेकर आएगा। उनकी आर्थिक तरक्की की राह तो मजबूत करेगा ही आत्मनिर्भर बनाकर नए देवरिया के स्वप्न को भी साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा। साथ ही शहर भी बड़ी समस्या बन चुके जाम से भी शहरियों को छुटकारा मिल सकेगा। बाईपास बनने से दूरी के साथ ही समय की भी बचत होगी। देवरिया–गोरखपुर मार्ग पर स्थित सिरजम के पास से बनने वाले बाईपास के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई। 37 गांवों के किसानों की 110 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत कर उनको मुआवजा देने की तैयारी की जा रही है। बाईपास बनने के बाद कई पिछड़े गांवों की एनएच तक पहुंच हो जाएगी। बाईपास निर्माण के लिए करीब 10 दिन पहले 19 सौ करोड़ रुपये का बजट भी जारी हो चुका है।

शहर में बाईपास मार्ग न होने के कारण बड़े वाहनों को शहर के गोरखपुर रोड पर ओवरब्रिज और रुद्रपुर मोड़ पर रोक दिया जाता है। सुबह आठ से रात आठ बजे तक वाहनों को इधर से जाने के लिए करीब 12 घंटे तक इंतजार करना पड़ता है। जबकि बाईपास मार्ग न होने के चलते सबसे अधिक शहर के सिविल लाइंस पर वाहनों के आवागमन के कारण दिन में जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ता था, क्योंकि अन्य कोई मार्ग नहीं है। देवरिया– गोरखपुर मार्ग से बाईपास मार्ग सिरजम के पास से निकल कर देवरिया–सलेमपुर मार्ग पर मुंडेरा गांव के पास पहुंचेगा, जो राष्ट्रीय राज मार्ग 727 ए के 37 गांवों से गुजरेगा। इसके हो जाने से शहर में बड़े वाहनों का दबाव कम हो जाएगा। करीब 22.270 किलोमीटर के इस मार्ग के निर्माण के लिए 37 गांवों के 968 किसानों की भूमि के अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिसूचना प्रकाशित कर दिया है, जिस पर आपत्तियां और सुझाव भी मांगे गए हैं।

यह गांव जुड़ जाएंगे बाईपास मार्ग सेः मुंडेरा, सुकरौली, अहिलवार बुर्जुग और खुर्द, धनौती, कचुआर, देवरिया मीर, चकरवा धूस, घटैलागाजी और चेती, पकड़ी बुजुर्ग, पगरा परसिया, रामपुर खुर्द, कुसम्हा वेलवा, गोबराई, धनौती खास, पोखरभिंडा, भगौतीपुर, गौरा, भीमपुर, परसा बरवां, जैतपुरा, मुंडेरा, बांसगांव बुजुर्ग, धतुरा, बरारी, सझवा, बलुआ, बैतालपुर, गुड़री, इटवा, सिरजम खास से बाईपास गुजरेगा।

शहर में जाम की समस्या से मिलेगी मुक्तिः देवरिया। शहर का सिविल लाइंस ही एक ऐसा मार्ग है जिस पर 60 हजार वाहनों का दबाव प्रतिदिन है। बाईपास मार्ग बनने से गोरखपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, कुशीनगर सहित अन्य जनपदों के साथ ही बिहार, बंगाल, झारखंड, असम को जाने वाले वाहन शहर के सिविल लाइंस का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। वह बाईपास मार्ग से ही देवरिया–सलेमपुर और कसया मार्ग पर पहुंच जाएंगे। जबकि दूसरी तरफ बैतालपुर तेल डिपो पर हर रोज आने वाले हजारों टैंकर भी शहर में न आकर बाहर से ही निकल जाएंगे। बढ़ेंगे जमीन के दाम, होगा विकासः देवरिया। बाईपास मार्ग बनने से जिन 37 गांवों की भूमि ली जा रही है वहां की भूमि अब महंगी हो जाएगी। इससे किसानों को फायदा होगा, जबकि दूसरी तरफ रोजगार के भी अवसर मिलेंगे। गांवों के लिए आवागमन की सुविधा आसान हो जाएगी। इस रास्ते लंबी दूरी की बसों का आवागमन होगा।

# छात्र–छात्राओं में हुआ अंक पत्र का वितरण

## साबिरा को प्रथम, चंद्रशेखर को द्वितीय तथा सेराज को मिला तृतीय स्थान

दैनिक बुद्ध का सन्देश
डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। छात्रा साबिरा खातून ने कॉलेज में पहला स्थान, कक्षा 6 के छात्र



चंद्रशेखर ने दूसरा स्थान तथा कक्षा 8 के छात्र सेराज अहमद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिन्हें ट्रॉफी आदि देकर सम्मानित किया गया। शनिवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज बढ़नी में अंक पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले छात्र–छात्राओं को मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक अख्तर वहीद तथा प्रधानाचार्य सैफुद्दीन मलिक द्वारा अंक पत्र के साथ ट्रॉफी आदि पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में इस बार कक्षा 11 की छात्रा साबिरा खातून ने 90. 3 प्रतिशत अंक पाकर पहला स्थान, कक्षा 6 के छात्र चंद्रशेखर ने 89.55 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा कक्षा 8 के छात्र सेराज अहमद ने 89 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिन्हें मुख्य अतिथि द्वारा अंक पत्र के साथ ट्रॉफी आदि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कक्षा 6, 7, 8, 9 तथा 11 में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को भी ट्रॉफी, कलम, पुस्तक आदि पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक अख्तर वहीद तथा प्रधानाचार्य सैफुद्दीन मलिक ने सभी छात्रों को शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

डुमरियागंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज बढ़नी (कोल्ड स्टोरेज) में शनिवार को शिक्षा सत्र 2022–23 के वार्षिक परीक्षा के अंक पत्र का वितरण किया गया। जिसमें कक्षा 11 की

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई जागरूकता रैली

दैनिक बुद्ध का सन्देश
मिठवल,सिद्धार्थनगर। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय




बाजारडीह स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग जागरूकता अभियान की रैली निकाली गई जिसमें सभी अभिभावक को सत्र 2023–24 में 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को नामांकित कराने के लिए प्रेषित किया गया तथा संचारी रोगों के रोकथाम एवं बचाव के प्रति जागरूक किया गया । रैली गुणवत्ता समन्वयक शैलेश श्रीवास्तव की देखरेख में निकाला गया जिसमें किरण प्रभा पांडेय संजय कुमार जायसवाल, सुशीला देवी, उमा शुक्ला, आलोक उपाध्याय आदि शिक्षक के सहयोग से रैली निकाला गया रैली में गुणवत्ता समन्वयक ने बताया कि रैली में बच्चों के भीतर भारी उत्साह देखा गया तथा बच्चे नए सत्र की किताबें पाकर काफी खुश नजर आए उन्होंने बताया कि शासन स्तर से जो भी निर्देश आ रहे हैं उसका पालन किया जा रहा है, निपुण ब्लॉक बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है ।

# समाधान दिवस में पुलिस द्वारा परेशान करने का लगाया आरोप

दैनिक बुद्ध का सन्देश
उसका बाजार। उसका थाना पर शनिवार को समाधान दिवस



में कुल छः मामले आये थे जिनमें दो पुलिस व चार राजस्व सम्बन्धी मामले रहे। इनमें से एक ने समाधान दिवस में आये पुलिस अधीक्षक अमित कुमार अनंद से पुलिस द्वारा परेशान करने व बाहरी लोगों के हस्तक्षेप का आरोप उमेश चंद्र गुप्ता ने शनिवार को थाना समाधान दिवस में एसपी अमित कुमार आनंद को जमीन विवाद से संबंधित आवेदन देते हुए लगाई। लिखा है कि नगर पंचायत के सुभाष नगर वार्ड निवासी इनकी सास बेला (72), ससुर रामदेव (74) जो घर पर अकेले रहते हैं। इनके पड़ोसी इनकी अपनी जमीन में घर नही बनाने दे रहे हैं। घर बनाने के प्रयास के दौरान मारपीट कर इन्हें घायल कर चुके हैं, जब वह इसकी सूचना थाने पर दिए, पुलिस मौके पर गई लेकिन आरोपियों पर कार्रवाई करने के बजाय बुजुर्ग सास ससुर के खिलाफ भी मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कर लिया। यह भी आरोप लगाया कि पुलिस के कार्य में बाहरी लोगों का हस्तक्षेप ज्यादा है। एसपी अमित कुमार आनंद ने उमेश चंद्र गुप्ता के आरोपों की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इसके अलावा छह और मामले समाधान दिवस पर आए। सेमरहना के मतीउल्लाह और अंजुम, सुगही के संतोष के राजस्व संबंधी मामला का निपटारा हुआ। इस मौके पर उमेश श्रीवास्तव, नंदू गौतम समेत अन्य राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

# सीएम योगी की पुकार पर दौड़े चले आए गोवंश

## गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में मुख्यमंत्री ने की गोसेवा, खिलाया गुड़



**गोरखपुर।** चाहें मनुष्य हो या पशु, भावनाओं की अभिव्यक्ति कभी बोली की मोहताज नहीं होती। आंखों की छलकन और दैहिक भाव भंगिमाएं भावों को अपने आप ही परिभाषित कर देती हैं। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जब भी गोसेवा के लिए गोवंश के बीच होते हैं तो वह और गोवंश तो भाव विह्वल नजर आते ही हैं, भावों की तस्वीर देखने वालों के चेहरों पर भी मुस्कान बिखर जाती है। शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में ऐसा ही नजारा था। शुक्रवार शाम गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री की शनिवार सुबह दिनचर्या परंपरागत रही। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान प्रातःकाल उन्होंने मंदिर के गोसेवा केंद्र (गोशाला) में कुछ वक्त गोवंश के बीच बिताया। गोशाला पहुंचते ही सीएम योगी ने गौरी, श्यामा, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। यह आवाज इन गोवंश के लिए जानी पहचानी है। आवाज सुनते ही गोवंश मचल उठे और दौड़ते हुए सीएम योगी के पास आ गए। सीएम ने सभी के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए।

# समाधान दिवस में आये तीन मामलें, दो का निस्तारण

दैनिक बुद्ध का सन्देश
शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। इंस्पेक्टर पंकज कुमार पाण्डेय व



नायब तहसीलदार महबूब अलाम की अध्यक्षता में थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान कुल 3 मामले आये, जिनमें 2 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया, शेष मामलों के निस्तारण के लिये टीमो को निर्देशित कर दिया गया। इसके साथ ही रास्ते के विवाद से सम्बंधित प्रकरण को हल्का लेखपाल से समन्वय स्थापित कर निस्तारण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान इंस्पेक्टर पंकज कुमार पाण्डेय, लेखपाल अनिरुद्ध चौधरी, सुरेंद्र भारती, बबिता सिंह, रेनू चौहान आदि मौजूद रहे।

# राम जानकी मंदिर पर आज होगा विशाल भंडारा

दैनिक बुद्ध का सन्देश
उसका बाजार सिद्धार्थनगर। कस्बा के उसका राजा में स्थित पयोहारि आश्रम राम जानकी मंदिर में आज एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। महंत लाल बहादुर दास ने जानकारी देते हुए कहे कि विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमे ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील भी की है।

## सम्पादकीय

# मध्यप्रदेश ने जीआई का परचम लहराया

**सुंदरजा आम और मुरैना गजक को दिनांक 31 जनवरी 2023 को जीआई प्रमाणपत्र जारी किया गया है। शरबती गेंहू और गोंड पेंटिग के जीआई प्रमाणपत्र दिनांक 22 फरवरी 2023 को जारी किया गये हैं। डिंडोरी की लोहशिल्प, उज्जैन के बटिक प्रिंट्स, ग्वालियर के हस्तनिर्मित कालीन, वारासिवनी की हैंडलूम साड़ी और ...**

मध्यप्रदेश का सुप्रसिद्ध शरबती गेंहू अब देश की बौद्धिक संपदा में सम्मिलित हो गया है। कृषि उत्पाद श्रेणी में शरबती गेंहू सहित रीवा के सुंदरजा आम को हाल ही में जीआई रजिस्ट्री द्वारा पंजीकृत किया गया है। खाद्य सामग्री श्रेणी में मुरैना गजक ने जीआई टैग प्राप्त किया है। हस्तशिल्प श्रेणी में प्रदेश की गोंड पेंटिंग, ग्वालियर के हस्तनिर्मित कालीन, डिंडोरी के लोहशिल्प, जबलपुर के पत्थर शिल्प, वारासिवनी की हैंडलूम साड़ी तथा उज्जैन के बटिक प्रिंट्स को भी जीआई टैग प्राप्त हुआ है। शरबती गेंहू सीहोर और विदिशा जिलों में उगाई जाने वाली गेंहू की एक क्षेत्रीय किस्म है जिसके दानों में सुनहरी चमक होती है। इस गेंहू की चपाती में फाइबर, प्रोटीन और विटामिन बी और ई प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। शरबती गेंहू को आवेदन क्रमांक 699 के संदर्भ में जीआई टैग जारी किया गया है। रीवा का सुंदरजा आम अपनी अनूठी सुगंध और स्वाद के लिए राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है। कम चीनी और अधिक विटामिन ई की वजह से यह आम मधुमेह रोगियों के लिए भी हितकारी होता है। सुंदरजा आम को आवेदन क्रमांक 707 के संदर्भ में जीआई टैग प्राप्त हुआ है। मुरैना की गजक को आवेदन क्रमांक 681 के संदर्भ में जीआई टैग जारी किया गया है। गुड़ या चीनी और तिल के मिश्रण से बनी इस पारंपरिक मिठाई का 100 वर्षों से अधिक का इतिहास रहा है। जीआई आवेदन क्रमांक 701 के संदर्भ में मध्य प्रदेश की गोंड पेंटिंग को पंजीकृत किया गया है। मानव के प्रकृति के साथ जुड़ाव दर्शाने वाली इस जनजातीय चित्रकला की प्रथा गोंड जनजाति में प्रचलित है जिसे विभिन्न उत्सवों और अवसरों पर बनाया जाता है। ग्वालियर के हस्तनिर्मित कालीन को जीआई आवेदन क्रमांक 708 के संदर्भ में पंजीकृत किया गया है। इस कालीन बुनाई में चमकीले रंगों का उपयोग कर पशु, पक्षी और जंगल के दृश्यों का रूपांकन किया जाता है। ये कालीन ऊनी, सूती और रेशम आधारित होते हैं। डिंडोरी के अगरिया समुदाय के लोहशिल्प को आवेदन क्रमांक 697 के संदर्भ में जीआई टैग प्राप्त हुआ है। इस शिल्प में लोहे को गरम कर और पीट– पीटकर वांछित मोटाई और आकार के पारंपरिक औजार और सजावटी वस्तुएं बनाई जाती हैं। जबलपुर का पत्थरशिल्प भेड़ाघाट में मिलने वाले संगमरमर पर केंद्रित है। इस हस्तशिल्प में भगवान की मूर्तियां, नक्काशीदार पैनल, सजावटी वस्तुएं और बर्तन बनाए जाते हैं। इस हस्तशिल्प का निर्यात मुख्यत फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया और अमरीका में किया जाता है। इसे आवेदन क्रमांक 710 के संदर्भ में पंजीकृत किया गया है। बालाघाट के वारासिवनी में बनने वाली हैंडलूम साड़ीयों को आवेदन क्रमांक 709 के संदर्भ में जीआई टैग प्राप्त हुआ है। धारियों और चौक के जटिल पैटर्न में बनाए जाने वाली ये हल्की और महीन साड़ीयां अपनी सादगी की लिए जानी जाती हैं। सोलह हाथ की साड़ी सर्वाधिक लोकप्रिय है जिसमें प्रत्येक ताना धागा 16 बाना धागों पर बुनाया जाता है। उज्जैन की प्राचीनतम कला बटीक प्रिंट को आवेदन क्रमांक 700 के संदर्भ में जीआई टैग प्राप्त हुआ है। बटिक शिल्पकार डाई की प्रक्रिया में मोम का प्रयोग कर कलात्मक पैटर्न और मोटिफ बनाते हैं। सुंदरजा आम और मुरैना गजक को दिनांक 31 जनवरी 2023 को जीआई प्रमाणपत्र जारी किया गया है। शरबती गेंहू और गोंड पेंटिग के जीआई प्रमाणपत्र दिनांक 22 फरवरी 2023 को जारी किया गये हैं। डिंडोरी की लोहशिल्प, उज्जैन के बटिक प्रिंट्स, ग्वालियर के हस्तनिर्मित कालीन, वारासिवनी की हैंडलूम साड़ी और जबलपुर के पत्थर शिल्प के प्रमाणपत्र दिनांक 31 मार्च 2023 को जारी किए गए हैं। प्रदेश की आदिवासी गुडिया, पिथोरा पेंटिंग, काष्ठ मुखौटा, ढ़क्कन वाली टोकरी, और चिकारा वाद्य यंत्र के जीआई आवेदन विचाराधीन हैं।

## भारतीय भाषाओं सहित दुनिया के सभी भाषाओं में सबसे महान कवि हैं तुलसीदास



प्रभु श्रीराम की कथा कहते हुए गोस्वामी तुलसीदास जी श्री रामचरित मानस में कहते हैं कि  राम सीय जल सलिल सुधासम। उपमा बीचि बिलास मनोरम। पुरइनि सघन चारू चौपाई। जुगुति मंजु मनि सीप सुहाई। अर्थात श्री राम चंद्र जी और सीता जी का यश अमृत के समान जल है। इसमें जो उपमाएं दी गई हैं वही तरंगों का मनोहर विलास है। सुंदर चौपाईयां ही इसमें घनी फैली हुई पुरइन ( कमलिनी) हैं और कविता की युक्तियां सुंदर मणि ( मोती ) उत्पन्न करने वाली सुहावनी सीपियां हैं। ध्यान देने वाली बात है कि गोस्वामी जी कविता की युक्तियों को सुझाते हैं। कविता में दोहे की सुदीर्घ परंपरा को कवि और भक्त कबीर साखी, सबद और रमैनी के द्वारा रच गए थे। मलिक मुहम्मद जायसी का रचना संसार दोहा और चौपाई के फलक को प्रेम का पर्याय बनाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कवि तुलसीदास जी लिखते हैं कि छंद सोरठा सुंदर दोहा। सोइ बहुरंग कमल कुल सोहा।। अरथ अनूप सुभाव सुभासा। सोइ पराग मकरंद सुबासा।। अर्थात जो सुंदर छंद, सोरठे और दोहे हैं, वही इसमें बहुरंगे कमलों के समूह सुशोभित हैं। अनुपम अर्थ , ऊंचे भाव और सुंदर भाषा ही पराग ( पुष्परज) , मकरंद ( पुष्परस) और सुगंध हैं। प्रबंध काव्य को गति प्रदान करते हुए गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं कि सुकृत पुंज मंजुल अलि माला। ग्यान बिराग बिचार मराला। धुनि अवरेब कबित गुन जाती। मीन मनोहर ते बहुभांती।। अर्थात सत्कर्मों के पुंज भौरों की सुंदर पंक्तियां हैं। ज्ञान, वैराग्य और विचार हंस हैं। कविता की ध्वनि वक्रोक्ति, गुण और जाति ही अनेकों प्रकार की मनोहर मछलियां हैं। आप विचार कीजिए तो पाएंगे कि हिन्दी काव्य शास्त्र को गोस्वामी जी तराश रहे थे जिस पर आगे चलकर रीति काव्य का धरातल ऊर्जस्वित होता है।पुनः गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं कि अरथ धरम कामादिक चारी। कहब ग्यान बिग्यान बिचारी। नव रस जप तप जोग बिरागा। ते सब जलचर चारु तड़ागा। अर्थात अर्थ, धर्म काम, मोक्ष ये चारों , ज्ञान विज्ञान विचार के कहना य काव्य के नौ रस जप, तप, योग और वैराग्य के प्रसंग ये सब इस सरोवर के सुंदर जलचर जीव हैं। आपकी दृष्टि में हिन्दी कविता का इतना बड़ा मर्मज्ञ कोई है। कविता में नौ रसों के समावेश को वे अनिवार्य मानते हैं। भारतीय भाषाओं सहित दुनिया की सभी भाषाओं में इतना बड़ा और महान कवि न अतीत में कोई हुआ है और न ही भविष्य में कोई होगा।

**लेखक विनय कांत मिश्र।/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# मानविकी को जंग लगने के खतरे!

**अगर इनका उपयोग कुबेरपति कारपोरेशनों द्वारा अपना मुनाफा और बढ़ाने के लिए किया जाता है तो यह ठीक नहीं होगा। इस तरह की चीजें तभी तक अच्छी हैं जब तक कि उनका इस्तेमाल केवल मनोरंजन के लिए किया जाए। परन्तु अगर वे दुनिया को देखने–समझने का हमारा उपकरण बन जाती हैं तो यह बहुत डरावना होगा। इससे कला, कल्पना, सौन्दर्य और भावनाओं को अभिव्यक्त करने की हमारी क्षमता...**

श्रुति व्यास

सन 2002 में हॉलीवुड की एक फिल्म थी–सिमोन। इसमें ?ल पचिनो एक ऐसे फिल्म निर्देशक की भूमिका में थे जो एक अदाकारा का वर्चुअल संस्करण बनाता है। फिल्म में पचिनो का एक डॉयलॉग था–ष्यह एक सितारे का डिजिटाइजेशनष है। फिल्म फ्लॉप थी पर मुझे बेहद पसंद आयी।वह फिल्म आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस से लैस भविष्य की दुनिया की झलक दिखलाने वाली शायद पहली फिल्म थी। इक्कीस साल बाद, सना नाम की देसी सिमोन, भारत में इंडिया टुडे के मंच पर नमूदार हुई। और जिस दिन बलिंसेग्या के स्टाइलिश जैकेट में पोप ट्रेंड कर रहे थे, उसी दिन सना भी ट्रेंड कर रही थी दृ एक प्यारी सी, नाजुक सी, सबको पसंद आने वाली न्यूज एंकर (कृत्रिम बुद्धी जनित)। यदि आपको पता ही नहीं है कि दुनिया में क्या कुछ हो रहा है (कभी–कभी वीकेंड पर मैं भी इसी स्थिति को पसंद करती हूँ) तो आपकी जानकारी के लिए बता दूं कि पिछले सप्ताहांत पोप फ्रांसिस की एक फोटो इन्स्टाग्राम और ट्विटर पर छाई हुई थी। इसमें वे सफेद रंग की एक बहुत ही स्टाइलिश जैकेट पहने हुए थे। बलिंसेग्या (फ्रांस का एक मशहूर लक्जरी ब्रांड जिसके उत्पाद काफी महंगे होते हैं) के उस पफर (फूले हुए) जैकेट में पोप जंच रहे थे। उसके बाद आया ष्हैरी पॉटर बाय बलिंसेग्याष। और उसके पहले आया था डोनाल्ड ट्रम्प की गिरफ्धारी और फिर जेल से फरार होने के वीडियो। ट्रम्प का वीडियो तो पहली नजर में नकली लगा था। परन्तु पोप के पफर जैकेट ने इन्टरनेट के परमज्ञानियों को भी चक्कर में डाल दिया। जहाँ तक हैरी पॉटर का सवाल है, वह तो विशुद्ध मनोरंजन था। पोप की फोटो देखकर तो मैं भी अपने आप को विश्वास करने से रोक नहीं सकी थी। हालाँकि कहीं न कहीं मुझे लग रहा था कि फोटो असली नहीं हो सकता। जब मैंने टाइम मैगजीन में पढ़ा कि यह फोटो दरअसल एआई (कृत्रिम बुद्धी) की कृति है तब मैंने एक बार फिर उसे देखा। हाँ, फोटो नकली तो लग रही थी! पोप के हाथ कुछ अजीब से थे। सन 2021 की जनवरी में आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस की शोध प्रयोगशाला ओपनएआई ने डाल–ई नाम के एक सॉफ्टवेयर का सीमित संस्करण जारी किया था। आप अपने मन में किसी भी दृश्य की कल्पना कर उसका विवरण इस सॉफ्टवेयर को बता दे तो वह मिनटों में आपके दिमाग के उस चित्र को स्क्रीन पर उतार देगा। ऐसे ही यदि आप चौटजीपीटी को हैरी पॉटर की कहानी को संक्षेप में शेक्सपियर की स्टाइल में लिखने को कहेंगे तो यकीन मानिये वह मिनटों में काफी कुछ ठीक–ठाक सी चीज आपके सामने परोस देगा। चौटजीपीटी कंप्यूटर कोडिंग कर सकता है, गणित के सवाल हल कर सकता है, प्रसिद्ध रचनाकारों की शैली में कहानी और कविता लिख सकता है और पुस्तकों की समीक्षा कर सकता है। वह अकादमिक शोध प्रबंध, राजनैतिक भाषण और कानूनी भाषा में कॉन्ट्रैक्ट भी तैयार कर सकता है।

सो एआई और चौटजीपीटी मनुष्य भविष्य के निर्धारक बनते दिख रहे हैं। लोग एआई सॉफ्टवेयर की क्षमताओं पर फिध्दा हैं और उनका इस्तेमाल शब्दों और चित्रों की अनदेखी, अनजानी और अजीब दुनिया सृजित करने में कर रहे हैं।तभी सोशल मीडिया में विचित्र और बेतुकी से लेकर चमत्कारिक और उत्कृष्ट रचनाओं की बाढ़ है। फंतासी, रचनात्मकता और कला के घोल से एक कृत्रिम यथार्थ का सृजन किया जा रहा है। क्या यह सब अच्छा है या बुरा? यह नई तकनीक हमारे जीवन में बेहतरी लाएगी या बर्बादी? यह कृत्रिम मीडिया, जिसे पहले ही फेक न्यूज की फैक्ट्री करार दे दिया गया है, यथार्थ की हमारी अनुभूति को पैना करेगा या भोंथरा? या फिर यथार्थ और फंतासी की विभाजक रेखा को इतनी धुंधली कर देगा कि हम दोनों में अंतर ही नहीं कर पाएंगे?

एआई के 1,000 से ज्यादा जानेमाने विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और प्रेमियों ने एक संयुक्त बयान जारी करके भीमकाय एआई प्रणालियों के विकास पर कम से कम छह महीने तक रोक लगाने की अपील की है ताकि जीपीटी–4 जैसी शक्तिशाली प्रणालियों की क्षमताओं और खतरों का आंकलन किया जा सके और मानवता को इसके खतरों से बचाने के उपाय किये जा सकें। इस बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में चौटजीपीटी और जीपीटी–4 की निर्माता ओपनएआई के सहसंस्थापक एलन मस्क, लन्दन स्थित स्टेबिलिटी एआई के संस्थापक इमाद मोस्ताक और एप्पल के सहसंस्थापक स्टीव वोजनियाक, शामिल हैं। इन सब की चिंता है कि, ष्शक्तिशाली एआई प्रणालियों का विकास तभी किया जाना चाहिए जब हम विश्वासपूर्वक यह कह सकें कि उनके प्रभाव सकारात्मक होंगे और उनसे उत्पन्न जोखिमों से निपटने में हम सक्षम हैं।ष

उनके सरोकार जायज हो सकते हैं परन्तु यह भी सही है कि एआई सचमुच कृत्रिम है, जिसका आधार है डाटा और उसे प्रोसेस करने की क्षमता। बिग टेक कंपनियों ने सालों–साल विभिन्न तरीकों और स्त्रोतों से दुनिया के हर क्षेत्र से सम्बंधित जानकारियां इकठ्ठा कीं, उन्हें अपने विशाल डाटा सेंटरों में जमा किया और फिर उसे बिजली से गति से पढने और विश्लेषण करने की क्षमता रखने वाले कंप्यूटर बनाए। ये कछुए की चाल से चलने वाले पुराने नेटवर्कों के सुपरफास्ट संस्करण भर हैं। एआई और चौटजीपीटी जैसी मशीनी बुद्धि की बाढ़, दरअसल, उस पोस्ट–ट्रुथ (वह स्थिति जिसमें तथ्यों की जगह भावनाएं और व्यक्तिगत विश्वास, जनमत को गढ़ते हैं) दुनिया का नतीजा है जिसमें हम आज रह रहे हैं।

# सिर्फ गठबंधन पर्याप्त नहीं है

**उनका सुझाव था कि जब भी जनगणना हो तो जातियों की गिनती के लिए दबाव बनाया जाए और नहीं तो विपक्ष इसका बहिष्कार करे। यह सामाजिक न्याय की सबसे पहली जरूरत बताई गई लेकिन अगर वोट की राजनीति के लिहाज से भी देखें तो यह विपक्ष का कारगर हथियार हो सकता है। सो, स्टालिन की पहल पर विपक्ष अगले चुनाव का एजेंडा तय करता दिख रहा है। एकजुट होने के साथ ...**

अजीत द्विवेदी

अभी तक विपक्षी पार्टियों का गठबंधन तय नहीं हुआ है। उसकी एक मोटी रूप–रेखा उभर रही है लेकिन उसे अंतिम नहीं माना जा सकता है। राहुल गांधी को मानहानि के मामले में सजा होने और लोकसभा की सदस्यता समाप्त किए जाने के तात्कालिक दबाव में विपक्ष ने कांग्रेस के प्रति जो सद्भाव दिखाया है वह कितना टिकाऊ है, यह नहीं कहा जा सकता है। हां, यह जरूर है कि उस घटना ने विपक्ष को एक प्लेटफॉर्म पर लाने की पहल को तेज कर दिया है। लेकिन सवाल है कि क्या विपक्ष एक प्लेटफॉर्म पर आ जाए और एक दर्जन या डेढ़ दर्जन पार्टियों का गठबंधन बन जाए तो उससे भाजपा को हराया जा सकेगा?इसमें कोई संदेह नहीं है कि ऐसा होने पर भाजपा से लडने की विपक्ष की ताकत बढ़ जाएगी लेकिन सिर्फ उसके दम पर भाजपा को हरा देना संभव नहीं है। पिछले चुनाव के आंकड़ों का जिन लोगों ने भी बारीकी से विश्लेषण किया है उनको पता है कि विपक्ष का मजबूत गठबंधन कुछ राज्यों में भाजपा की सीटें कम कर सकता है लेकिन सिर्फ उसके दम पर हरा कर सत्ता से बाहर कर देना मुश्किल है। पिछले लोकसभा चुनाव में देश के 11 बड़े राज्यों में भाजपा को 50 फीसदी या उससे ज्यादा वोट मिले थे। इन 11 राज्यों में कहीं कांग्रेस से सीधा मुकाबला था, कहीं कुछ और पार्टियां भी थीं, कहीं गठबंधन था और कहीं सभी पार्टियां अपने अपने दम पर लड़ी थीं। लेकिन हकीकत यह है कि बाकी सभी पार्टियों का साझा वोट 50 फीसदी से कम था। तीन राज्यों– गुजरात, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भाजपा को 60 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। पांच राज्यों– राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, हरियाणा और दिल्ली में 55 फीसदी से ज्यादा वोट मिले। इन आठ राज्यों के अलावा कर्नाटक और छत्तीसगढ़ में 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले। उत्तर प्रदेश में 49.98 यानी ठीक 50 फीसदी वोट मिले। महाराष्ट्र में शिव सेना का गठबंधन था और इस गठबंधन को 51.36 फीसदी वोट मिले थे। अगर महाराष्ट्र को छोड़ दें तो बाकी 11 राज्यों में लोकसभा की 225 सीटें हैं, जिनमें से 202 सीटें भाजपा ने जीती थीं। अगर इस गणित के हिसाब से देखें तो इन राज्यों में सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर लड़ी होतीं तब भी संभव है कि भाजपा को इतनी ही सीटें मिलतीं। तभी यह मानना एक तरह की गलतफहमी पालना है कि अगर विपक्षी पार्टियों ने गठबंधन बना लिया या सभी सीटों पर भाजपा के मुकाबले विपक्ष का भी एक ही उम्मीदवार हुआ तो भाजपा को हराया जा सकता है। देश के उत्तर और पश्चिमी हिस्से में भाजपा की स्थिति ऐसी है कि सिर्फ विपक्ष के एकजुट हो जाने भर से उसको नहीं हराया जा सकेगा। ज्यादातर पार्टियां खास कर उत्तर और पूर्वी भारत की प्रादेशिक पार्टियां इस बात को नहीं समझ रही हैं। डीएमके नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस स्थिति को समझा है और तभी उन्होंने सभी विपक्षी पार्टियों को एक प्लेटफॉर्म पर लाने के साथ साथ एक साझा एजेंडा तय करने की भी पहल की है। उन्होंने इस बात को समझा है कि विपक्षी पार्टियों के एक साथ आने के जितना ही यह भी जरूरी है कि विपक्ष के पास भाजपा से मुकाबले का एक सैद्धांतिक आधार हो। यह समझने की जरूरत है कि किसी भी बड़ी लड़ाई के लिए एक अच्छा सिद्धांत होना जरूरी है। स्टालिन ने इसके लिए अपने एक संगठन ऑल इंडिया फेडरेशन फॉर सोशल जस्टिस की ओर से सामाजिक न्याय पर एक सम्मेलन का आयोजन किया। मीडिया में इस सम्मेलन की रिपोर्टिंग विपक्ष को एकजुट करने के प्रयास के तौर पर ही हुई। लेकिन असल में यह सम्मेलन एजेंडा तय करने का था। यह बड़ी दूरदृष्टि के साथ आयोजित कार्यक्रम था। विपक्षी पार्टियां जब साथ आ जाएंगी तो वे किन मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगी, यह सम्मेलन उन मुद्दों पर विचार के लिए था। भाजपा के हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृत्व के एजेंडे को चुनौती देने वाले कौन से मुद्दे हो सकते हैं, जिन पर नागरिकों को सोचने के लिए मजबूर किया जा सकता है, उन मुद्दों पर इस सम्मेलन में विचार हुआ। हालांकि उत्तर भारत के ज्यादातर नेता मोटा–मोटी बातें करते रहे और भाजपा व आरएसएस पर हमला करने तक सीमित रहे लेकिन खुद स्टालिन और राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने बारीकी से उन मुद्दों का जिक्र किया, जिनके आधार पर भाजपा को मजबूत चुनौती दी जा सकती है। स्टालिन ने एक बहुत बड़ी बात कही। उन्होंने आर्थिक आधार पर सवर्णों के आरक्षण का मुद्दा उठाया और कहा कि इससे सामाजिक न्याय नहीं सुनिश्चित होता है। ध्यान रहे इस कानून पर देश की लगभग सभी पार्टियां सहमत हैं और जहां विपक्षी पार्टियों का राज है वहां भी इसे खुशी खुशी लागू किया गया है। लेकिन स्टालिन ने इसका अध्याय फिर खोल दिया है। उन्होंने कहा कि वर्ग की बजाय वर्ण यानी जाति ही सामाजिक न्याय की किसी भी योजना का आधार हो सकती है। उनका तर्क था कि कोई अमीर व्यक्ति गरीब हो सकता है, कोई गरीब व्यक्ति अमीर बन सकता है, कोई व्यक्ति अपनी अमीरी छिपा कर गरीब बना रह सकता है लेकिन जाति की वजह से जो छुआछूत और भेदभाव है वह नहीं बदलता है। उनका जोर एक्सक्लूजन पर था। उन्होंने कहा कि समाज और व्यवस्था दोनों समावेशी नहीं हैं। सो, अगर अगले चुनाव में विपक्ष सामाजिक न्याय और आरक्षण को मुद्दा बनाता है तो यह उसका प्रस्थान बिंदु है। सामाजिक न्याय के सम्मेलन में संघवाद, राज्यों की स्वायत्तता, धर्मनिरपेक्षता, समानता, भाईचारा और सामाजिक न्याय को लेकर स्टालिन ने विस्तार से बात की। अब तक इन मुद्दों पर टुकड़ों टुकड़ों में बात हो रही थी। पहली बार इतने व्यवस्थित तरीके से देश की 16 पार्टियों के नेताओं की मौजूदगी में इन पर चर्चा हुई। विपक्षी पार्टियां इस बात पर सहमत हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भले सहकारी संघवाद की बात करते हैं लेकिन केंद्र की नीतियों की वजह से राज्यों की शक्तियों का ह्रास हो रहा है। सो, राज्यों की स्वायत्तता को लेकर कोई नई मसौदा नीति विपक्ष की पार्टियों के लिए मददगार हो सकती है। इसी तरह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत पर भी विस्तार से चर्चा हुई। पिछले कुछ समय से धर्मनिरपेक्षता को देश और हिंदू विरोध माना जाने लगा है। उस मिथक को तोडने का प्रयास विपक्षी पार्टियों को करना चाहिए। केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों की वजह से देश में आर्थिक असमानता पैदा हुई है। आजादी के बाद कभी भी ऐसी विषमता नहीं रही है। विपक्ष अगर इस बारे में सिद्धांत तय करे कि राष्ट्रीय संसाधनों का अधिकतम समानता के साथ इस्तेमाल होगा और उसका मकसद हर व्यक्ति को हिस्सेदार बनाने का होगा तो यह एक बड़ी वैकल्पिक नीति हो सकती है। राजद नेता मनोज झा ने जाति आधारित जनगणना का मुद्दा उठाया और इस बात पर जोर दिया कि इसके बगैर सामाजिक न्याय की नीतियों पर सफलतापूर्वक अमल संभव नहीं है।



# अब आम खाने के लिए जेब पर नहीं पड़ेगा बोझ, जनता के लिए EMI स्कीम लेकर आया पुणे का व्यापारी

इन दिनों महंगाई के कारण कई चीजें व्यक्ति के बजट से बाहर होती जा रही है मगर ईएमआई की सुविधा से लोगों को इन चीजों को खरीदने में आसानी होती है। आमतौर पर ईएमआई पर घर, गाड़ी, या कोई बड़ी वस्तु खरीदी जाती है। मगर पुणे का एक व्यापारी आम खरीदने के लिए भी ग्राहकों को ईएमआई स्कीम दे रहा है ताकि स्वाद से भरपूर और फलों का राजा आम जनता की पहुंच तक हो सके।



व्यापारी का तर्क है कि आम खरीदने से लोग दूर ना रहे इसलिए उनकी उलझन को दूर करने के लिए वो किस्तों में आम बेचेगा। ये कोई ऐसा वैसा आम नहीं है बल्कि अल्फांजो आम है जिसे बेचने के लिए व्यापारी ने खास फैसला किया है। अब व्यापारी आम को भी मासिक किस्तों में बेचेगा ताकि आम का स्वाद हर व्यक्ति ले सके। पुणे के व्यापारी गौरव सनस का तर्क है कि जब फ्रीज या एयर कंडीशनर किश्तों पर खरीदे जा सकते हैं तो आम भी किश्तों में खरीदे जा सकते है।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र के देवगढ़ और रत्नागिरी के हापुस या अल्फांसो आम सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि विश्व भर में प्रसिद्ध है। आम की ये प्रजाति बाजार में 800 रुपये से 1300 रुपये प्रति दर्जन मिल रही है। ऐसे में हर व्यक्ति के लिए इस आम को खरीदना बजट के बाहर है। इन आमों का स्वाद लेने से लोग वंचित ना रहे इसलिए व्यापारी ने इस स्कीम को शुरू किया है।

गौरतलब है कि आम की तमाम किस्मों में अल्फांसो को सबसे अच्छा माना जाता है, लेकिन अपने बेहतरीन स्वाद एवं कम उत्पादन की वजह से इसके दाम अक्सर आम लोगों की पहुंच से बाहर ही रहते हैं। आम की आसमान छूती किमत को देखते हुए ये पेशकश आम जनता के चेहरे पर भी खुशी ले आई है। इस स्कीम के जरिए व्यापारी अल्फांसो को अब किसी महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान की तरह आसान मासिक किस्त यानी ईएमआई पर भी बेचने को तैयार हैं।

गौरव सनस का कहना है कि बिक्री शुरू होते ही अल्फांसो के दाम बहुत ऊपर जा चुके हैं। ऐसी स्थिति में अगर अल्फांसो को भी ईएमआई पर दिया जाए तो हर कोई इसका स्वाद ले सकता है। फल कारोबार से जुड़ी फर्म गुरुकृपा ट्रेडर्स एंड फ्रूट प्रोडक्ट्स के सनस का दावा है कि पूरे देश में ईएमआई पर आम बेचने वाला पहला प्रतिष्ठान उनका है। उन्होंने कहा, हमने सोचा कि अगर फ्रिज, एसी और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को ईएमआई पर खरीदा जा सकता है तो फिर आम को क्यों नहीं? इस तरह हर कोई इस आम को खरीद सकता है।

कोई भी व्यक्ति ईएमआई पर मोबाइल फोन खरीदने की ही तरह उनकी दुकान से अल्फांसो को किस्त पर खरीद सकता है। इसके लिए ग्राहक के पास क्रेडिट कार्ड होना चाहिए और फिर खरीद मूल्य को तीन, छह या 12 महीनों की किस्तों में बदल दिया जाता है। हालांकि सनस की दुकान पर अल्फांसो को ईएमआई पर खरीदने के लिए कम–से–कम 5,000 रुपये की खरीदारी करनी जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए अब तक चार लोग आगे भी आ चुके हैं। इस तरह ईएमआई पर अल्फांसो की बिक्री का सफर शुरू हो चुका है।

# ताइवान की सीमाओं के पास चीन ने फिर से किया शक्ति प्रदर्शन

## 40 से अधिक विमानों ने संवेदनशील मध्य रेखा को पार किया



चीन ने शनिवार को घोषणा की कि वह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष के साथ ताइवान के राष्ट्रपति त्साई इंग–वेन की बैठक पर अपनी नाराजगी व्यक्त करने के लिए ताइवान जलडमरूमध्य में तीन दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू कर रहा है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के ईस्टर्न थिएटर कमांड ने कहा कि श्युद्ध की तैयारियोंश के लिए श्यूनाइटेड शार्प सोर्डश 8 से 10 अप्रैल तक चलेगी। चीन द्वारा लॉस एंजिल्स में स्पीकर केविन मैक्कार्थी के साथ बैठक की निंदा करने के बाद अभ्यास की व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही थी।

चीन लोकतांत्रिक रूप से शासित ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है और द्वीप को अपने नियंत्रण में लाने के लिए उसने कभी भी बल प्रयोग का त्याग नहीं किया है। रायटर ने बताया कि ताइवान की सरकार ने चीन के दावों का कड़ा विरोध किया है। चीन द्वारा वरिष्ठ यूरोपीय नेताओं की यात्रा की मेजबानी करने के कुछ ही घंटों बाद बीजिंग की घोषणा भी आई। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के ईस्टर्न थिएटर कमांड ने कहा कि उसने ताइवान के आसपास मुकाबला तत्परता गश्त और अभ्यास शुरू कर दिया।

अमेरिका–ताइवान बैठक के बाद चीन ने श्सख्तश कदम उठाने का संकल्प लियाः चीन ने गुरुवार को यूनाइटेड स्टेट्स हाउस के स्पीकर और द्वीप के राष्ट्रपति के बीच एक बैठक के बाद अमेरिका के गलत और खतरनाक रास्ते का जिक्र करते हुए ताइवान के खिलाफ कड़े कदम उठाने की बात कही। स्पीकर केविन मैककार्थी ने ताइवान के राष्ट्रपति त्साई इंग–वेन की स्व–शासित द्वीप के लिए अमेरिकी समर्थन के एक शो में मेजबानी की, जिसे चीन एक दर्जन से अधिक अमेरिकी सांसदों के द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ अपना दावा करता है।

# अंडमान से सिर्फ 60 किमी की दूरी पर चीन कर रहा कुछ ऐसा, भारत ने सीक्रेट जानकारी के साथ म्यांमार से की बात

चीन जितने शातिर मुल्क है उतनी ही उसकी मंशा भी खतरनाक है। अपने हर पड़ोसी देश के भीतर विस्तारवाद की मंशा लिए घुसपैठ की कोशिश में लगा रहने वाला चीन भारत को परेशान करने के लिए भी लगातार कोई न कोई हरकतें करता ही रहता है। श्रीलंका हो या नेपाल, भूटान हो या म्यांमार चीन भारत के पड़ोसी देशों को अशांत कर उनका फायदा उठाने की फिराक में रहता है। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन म्यांमार के अंदर भी जासूसी बेस बनाने जा रहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय अधिकारियों ने खुलासा किया है कि भारत ने हाल के महीनों में चीन के खुफिया बेस को लेकर मिली सीक्रेट जानकारी के साथ म्यांमार से बात की है।



इस मामले की जानकारी रखने वाले भारतीय अधिकारियों के अनुसार, भारत ने हाल के महीनों में खुफिया जानकारी के साथ म्यांमार से बात की है। इसमें बताया गया है कि चीन बंगाल की खाड़ी में एक दूरस्थ द्वीप पर एक निगरानी चौकी बनाने की कोशिश में लगा है। विभिन्न स्तरों पर भारत सरकार के प्रतिनिधियों ने म्यांमार के समकक्षों के साथ सैटेलाइट पिक्चर्स शेयर की है। उन्होंने कहा कि चीनी श्रमिकों को हिंद महासागर में कोको द्वीपों पर एक पोस्ट का निर्माण करते हुए कैप्चर किया गया है। अधिकारियों ने संवेदनशील चर्चा करते हुए पहचान न जाहिर करने की शर्त पर बताया है कि चीन हवाई पट्टी का विस्तार करते हुए भी देखा है।

भारत सरकार के पास जो जानकारी है, उसके अनुसार चीन बंगाल की खाड़ी में स्थित द्वीप पर निगरानी चौकी बनाने में म्यांमार की मदद कर रहा है। कहने के लिए ये बेस म्यांमार बना रहा है। लेकिन चीनी मदद के बाद इस बेस को बनाने के पीछे का मकसद आसानी से समझा जा सकता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत सरकार ने विभिन्न स्तरों पर म्यांमार के प्रतिनिधियों के सामने इस मुद्दे को उठाया है और सैटेलाइट तस्वीरें उन्हें सौंपी हैं।

# टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्युशंस ने ब्रिटेन सरकार से अनुबंध किया, कलपुर्जों की आपूर्ति करेगी

नयी दिल्ली। एकीकृत आपूर्ति श्रृंखला प्रदाता टीवीएस सप्लाई



चेन सॉल्युशंस ने ब्रिटेन सरकार के साथ अनुबंध किया है। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि वह इसके तहत लैंड रोवर वॉल्फ प्लेटफॉर्म के लिए कलपुर्जे और अन्य सहायक उपकरणों की आपूर्ति करेगी। यह अनुबंध दो साल का है। कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) रवि विश्वनाथन ने कहा, ”यह व्यावसायिक जीत ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय के कई वाहन मंचों को समर्थन देने के लिए आपूर्ति श्रृंखला क्षमता प्रदान करने में टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस की मजबूत स्थिति का प्रमाण है।

# महिला हॉकी टीम के शिविर के लिये 35 संभावितों का चयन, रानी को जगह नहीं

बेंगलुरू। हॉकी इंडिया ने मई में होने वाले आस्ट्रेलिया दौरे से पहले राष्ट्रीय टीम के शिविर के लिये 35 संभावित खिलाड़ियों की



घोषणा की है जिसमें पूर्व कप्तान रानी रामपाल को जगह नहीं दी गई है। महिला टीम की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने कहा कि शिविर नौ अप्रैल से 13 मई तक चलेगा जिसके बाद आस्ट्रेलिया दौरा होना है। तोक्यो ओलंपिक में रानी की कप्तानी में भारतीय टीम ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही थी। उसके बाद से चोटों के कारण रानी टीम से बाहर है। उन्हें इस साल की शुरूआत में दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिये टीम में चुना गया था। रानी ने पिछले साल एफआईएच महिला प्रो लीग में बेल्जियम के खिलाफ खेला जो उनका 250वां अंतरराष्ट्रीय मैच था। उन्होंने हॉकी इंडिया द्वारा जारी बयान में कहा ,'' पिछले शिविर के बाद हमने व्यक्तिगत खेल पर फोकस किया ताकि उसमें सुधार आ सके। अब हम टीम खेल और तकनीक पर ध्यान देंगे। आस्ट्रेलिया दौरे के बाद हमें पता चलेगा कि शीर्ष टीमों के खिलाफ हम कहां ठहरते हैं।'' संभावित खिलाड़ी :गोलकीपर :सविता , रजनी ई, बिछू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी डिफेंडर : दीप ग्रेस इक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो डी, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी मिडफील्डर रू निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मरियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीनाा खोखार, वैष्णवी फाल्के, अजमिना कुजूर। फॉरवर्ड रू लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो।

# भिड़ेंगे इजरायल–ईरान, गल्फ बनेगा जंगी मैदान, अब इस महासंग्राम में हो जाएगी रूस और अमेरिका की भी एंट्री

दो दिन से इजरायल के ऊपर रॉकेट बरस रहे हैं। धमाके हो रहे हैं। धुएं का गुबार नजर आ रहा है। हमास लगातार इजरायल पर रॉकेट दाग रहा है। आसमान में रॉकेट की कतारें नजर आ रही हैं। हमास ने लेबनन की तरफ से भी 44 रॉकेट दागे हैं। अल अक्सा हिंसा के बाद हमास और इजरायल के बीच नया युद्ध छिड़ गया है और जिसका असर पूरे अरब में दिखने लगा है। लगातार हमले होने के बाद अब इजरायल ने भी काउंटर एयर स्ट्राइक की है। इजरायली एयरफोर्स ने दक्षिणी गाजा पर कई मिसाइलें गिराई। इजरायल हमास संगठन के ठिकानों को निशाना बना रहा है।



अल अकसा हिंसा के बाद इजरायल पर रॉकेट हमले हो रहे हैं। इजरायल पर लेबनॉन की जमीन से हमास के ग्रुप रॉकेट दाग रहा है। लेबनन फिलिस्तीन, सीरिया और ईरान ने इजरायल पर हमले की धमकी जारी कर दी है। इजरायल ने गाजा और लेबनॉन के उस इलाके पर एयर स्ट्राइक भी की है जहां से हमास टेरर ग्रुप इजरायल पर रॉकेट दाग रहा है। अरब का संकट अब बड़ा होता जा रहा है। आशंका है कि अल अक्सा हिंसा के बाद युद्ध कभी भी छिड़ सकता है। युद्ध छिड़ा तो ईरान के समर्थन में रूस और इजरायल के समर्थन में अमेरिका उतर सकता है।

ईरान ने गाजा पट्टी और लेबनान में हाल ही में इजरायल के हमलों की निंदा की है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इजरायल के ष्आक्रामक कार्योंष के लिए ष्निवारकष प्रतिक्रिया का आग्रह किया। यहूदी फसह और रमजान के मुस्लिम पवित्र महीने के दौरान इजरायल और फिलिस्तीनियों के बीच तनाव बढ़ गया है, जिससे आने वाले दिनों में और बढ़ने की चिंता बढ़ गई है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने कहा कि लेबनान पर हमले देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन है।

# मणिपाल हेल्थ में अतिरिक्त 41 प्रतिशत हिस्सेदारी लेने वाली है टेमासेकः सूत्र

नयी दिल्ली। सिंगापुर सरकार के स्वामित्व वाली निवेश कंपनी टेमासेक होल्डिंग्स 16,500 करोड़ रुपये में बेंगलुरु की फर्म मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज में अतिरिक्त 41 प्रतिशत हिस्सेदारी लेने की प्रक्रिया में है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। मामले से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, टेमासेक होल्डिंग्स समर्थित शीयर्स हेल्थ के पास मणिपाल में पहले से ही 18 प्रतिशत हिस्सेदारी है। अब वह मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए भारतीय चिकित्सा क्षेत्र का सबसे बड़ा सौदा करने जा रही है। इस सौदे की आधिकारिक घोषणा अगले सप्ताह हो सकती है। इस अधिग्रहण सौदे के लिए मणिपाल हेल्थ का मूल्यांकन लगभग 40,000 करोड़ रुपये किया गया है। इस बारे में संपर्क किए जाने पर मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज ने कोई बयान देने से इनकार कर दिया। वहीं, टेमासेक होल्डिंग्स ने कहा, ”नीतिगत मसला होने से टेमासेक बाजार की अटकलों पर कोई टिप्पणी नहीं करती है।“ माना जा रहा है कि मणिपाल हेल्थ के मौजूदा प्रवर्तकों– पई परिवार और टीपीजी कैपिटल सहित अन्य शेयरधारकों से शेयरों का अधिग्रहण कर इस सौदे को अंजाम दिया जाएगा। पई परिवार के पास इस समय कंपनी की 52 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जो सौदे के बाद घटकर 30 प्रतिशत रह जाएगी। सूत्रों ने कहा कि इसी तरह टीपीजी कैपिटल की हिस्सेदारी भी 22 प्रतिशत से घटकर 11 प्रतिशत पर आने की उम्मीद है। दूसरी तरफ, मणिपाल में करीब आठ प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट फंड इस सौदे के बाद पूरी तरह से बाहर हो जाएगा। वर्ष 1953 में स्थापित मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज देश के 16 शहरों में 29 अस्पतालों (लगभग 8,300 बिस्तर) का संचालन करती है। टेमासेक होल्डिंग्स के हिस्सेदारी अधिग्रहण का सौदा संपन्न होने पर भारतीय चिकित्सा जगत का सबसे बड़ा सौदा साबित होगा। पिछले साल मैक्स हेल्थकेयर में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी को केकेआर ने खुले बाजार में करीब 9,100 करोड़ रुपये में बेचा था।



# नहीं मान रहे तानाशाह किम जोंग, एक और अंडरवाटर न्यूक्लियर ड्रोन का किया टेस्ट

उत्तर कोरिया ने परमाणु सक्षम पानी के भीतर हमला करने वाले ड्रोन का एक और परीक्षण किया है। इस बाबत कोरियन मीडिया ने शनिवार को रिपोर्ट दी है। यह उत्तर कोरिया का संयुक्त



राज्य अमेरिका और दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपनी सैन्य क्षमताओं का नवीनतम प्रदर्शन है। उत्तर कोरिया ने 4 अप्रैल से 7 अप्रैल तक ष्हैइल –2ष नामक एक परमाणु–सक्षम मानव रहित पानी के नीचे के हमले के हथियार का परीक्षण किया। कोरियन मीडिया के अनुसार हैइल –1 नामक एक नए पानी के नीचे के ड्रोन का खुलासा करने के एक सप्ताह से भी अधिक समय बाद उसने इसका परीक्षण किया है। उत्तर की केसीएनए समाचार एजेंसी ने कहा कि पानी के नीचे रणनीतिक हथियार प्रणाली के परीक्षण के दौरान ड्रोन ने 71 घंटे और 6 मिनट के लिए 1,000 किमी (621 मील) की दूरी तय की और टारगेट को सफलतापूर्वक निशाना बनाया। केसीएनए ने कहा कि परीक्षण ने पूरी तरह से पानी के नीचे रणनीतिक हथियार प्रणाली की विश्वसनीयता और इसकी घातक हमले की क्षमता को साबित कर दिया। केसीएनए ने कहा कि प्रणाली उत्तर कोरिया के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में मदद करेगी। बता दें कि इससे पहले मार्च के महीने में उत्तर कोरिया ने अंडर–वॉटर न्यूक्लियर ड्रोन लॉन्च किया था। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा, जिसमें एक नए परमाणु–सक्षम अंडरवाटर ड्रोन का परीक्षण–फायरिंग भी शामिल है। ये एक ऐसा न्यूक्लियर ड्रोन है जो रेडियो एक्टिव सुनामी लाने के साथ ही दूसरे देशों के पोट्स को भी पलभर में तबाह कर सकता है।

## गला कसने से विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप

देवरिया। शहर के लंगड़ी देवरिया मोहल्ले की महिला की .मौत हो गई। महिला के गले पर निशान था, जिससे उसकी मौत होने की बात बताई जा रही है। घटना की जानकारी होने पर मायके से भाई और मां पहुंचे। मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसकी बेटी को दहेज के लिए ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे। मांग पूरा न होने पर गला कसकर हत्या कर दी गई है। जबकि ससुराल पक्ष का कहना है कि महिला का पति से दोपहर में विवाद हुआ था उसके बाद फंदा लगा ली, उससे मौत हुई है। गोरखपुर शहर के विष्णुपुरम थाना शाहपुर निवासी शिवजनम की बेटी बिंदु उर्फ बेबी 27 वर्ष की शादी 2019 में शहर के लंगड़ी देवरिया मोहल्ला निवासी नंदलाल पुत्र राजनारायण के साथ हुई थी। दोपहर में फंदा से गला कसने के कारण उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर मां पानमती देवी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है। आरोप है कि उसने अपनी बेटी को छह लाख रुपये नकद, मोटरसाइकिल, जेवर आदि सामान देकर विदा किया थी। ससुराल के लोग एक चारपहिया वाहन और एक लाख रुपये नकद मांग रहे थे। इसके बारे में उसने अपने परिजनों को बताया था। दहेज कम मिलने के कारण सास, ससुर, ननद, पति और उसके मामा आए दिन बिंदु को मारते पीटते थे। दोपहर में उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई है।

## मानव जाति के उद्धार के लिए सलीब पर चढ़े प्रभु यीशु रू आदम योहान्ना

सिसवा बाजार/नौतनवां। कस्बे के लोहियानगर में प्राचीन सेंट एंड्रयूज चर्च में ईसाई समुदाय के अनुयायियों ने गुड फ्राइडे पर विशेष प्रार्थना सभा की। ईसाई धर्म ग्रंथ के अनुसार गुड फ्राइडे को ही प्रभु यीशु समस्त मानव जाति के उद्धार के लिए सलीब पर चढ़े थे। उन्होंने दुश्मनों को भी क्षमा करने का आग्रह करते हुए अपडी आत्मा को परमात्मा के हाथों में सौंप दिया था। सिसवा नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर दो लोहिया नगर स्थित प्राचीन सेंट एंड्रयूज चर्च में दिन में 12 बजे से तीन बजे तक विशेष प्रार्थनासभा का आयोजन किया गया। इसमे बाइबिल के यशायाह 53वें अध्याय का पाठ किया गया व यीशु सलीब पर चढ़ा, तेरे लिए मेरे लिए गीत गाया गया और साथ ही प्रभु के दिए सात वाणियों का उल्लेख करने के उपरांत यीशु भोज का आयोजन किया गया। चर्च के पादरी योहन्ना आदम ने बताया कि प्रभु यीशु ने मानव कल्याण करने व अंधविश्वासों को दूर करने के लिए जब यरुशलम में प्रवेश किया तो लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया का। इस अवसर पर सहायक पादरी विजेंदर कुमार, कुंदन राय, राहुल राय, पंकज जायसवाल, दीनदयाल, निखिलेश, गुड़िया राय, प्रतिभा सिंह, काजल राय, वंदना जायसवाल, खुशबू, रंजना, समीर पॉल, केशु पॉल, शुभम पॉल आदि मौजूद रहे। नौतनवां नगर के असेंबली आफ बिलिवर्स चर्च में मसीही समुदाय ने गुड फ्राइडे मनाया। इस दौरान भजन, कीर्तन, नाटक व पवित्र ग्रंथ बाइबल से प्रभु की सात वाणियों का वर्णन किया गया। पास्टर कृष्णा ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने समस्त जाति के पाप क्षमा, शांति व उद्धार के लिए अपने आप को बलिदान कर दिया। इस मौके पर सुरेन्द्र, सुनील कुमार, गुड़िया, पुष्पांजलि, विमला, सरोज, कमला, अर्चना जूली चंद्रा आदि मौजूद रहीं।

# तीन माह पहले लापता युवक शव नहर में मिला

### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, 31 दिसंबर 2022 को घर से निकला था, ढूंढ़ रहे थे घरवाले

महराजगंज। निचलौल थाना क्षेत्र के करमहिया गांव के सामने देवरिया शाखा की नहर में शाम को कुत्ते शव को नोच रहे थे। गांव के लोगों की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को बाहर निकाला तो युवक की पहचान उसके आधार कार्ड से हुई। उसके घर वालों को सूचना दी गई। युवक का शव घर से चार किमी दूर नहर में मिट्टी से दबा मिला।

मृत युवक के परिजनों के अनुसार, मटराधमउर टोला हड़बड़हवां के रहने वाले धर्मेंद्र भारती (22) बीते 31 दिसंबर 2022 को घर से पड़ोसी के साथ बाहर निकले थे। देर रात तक वापस नहीं आए तो घरवालों ने पड़ोसी के घर पूछताछ की। कोई जानकारी नहीं मिलने पर परिजन उसकी तलाश करने लगे। निचलौल थाने में पांच जनवरी को गुमशुदगी दर्ज कराई गई।

तीन माह बाद शाम को करमहियां गांव के सामने देवरिया शाखा की नहर में कुत्ते शव को नोच रहे थे। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया। आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस से युवक की पहचान की गई। परिजनों को मौत की जानकारी हुई तो उनका रो–रोकर बुरा हाल हो गया। युवक हाईस्कूल पास था। उसकी शादी नहीं हुई थी। नेपाल में जेसीबी चलाता था।

धर्मेंद्र के पिता हरिलाल ने बताया कि बेटा जिसके साथ बाहर गया था। वह युवक अपने घर पर है। पूछने पर कुछ बात नहीं रहा था। उसी से पूछताछ करने पर सही जानकारी हो सकेगी। बेटे की हत्या कर शव को नहर में फेंका गया है। पुलिस जांच करेगी तो सत्यता उजागर हो जाएगी। इस संबंध में निचलौल क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पैंट, शर्ट शरीर पर मिली है। जेब में आधारकार्ड, डीएल मिला है। उसी से पहचान कराई गई। इस प्रकरण में तहरीर के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

युवक की मां की बचपन में हो चुकी है मौत

मृत धर्मेंद्र भारती की मां फूलमति की मौत बचपन में हो चुकी है। पिता हरिलाल किसान हैं। उनको लकवा मार दिया है। उन्हें चलने–फिरने में परेशानी होती है। युवक के बड़े भाई गोधन, बहन उर्मिला, गुड्डी, पूनम हैं। घर में यह सबसे छोटा था। जेसीबी चलाकर परिवार का खर्च चला रहा था। पड़ोसी से अक्सर विवाद होता रहता था। 25 दिसंबर 2022 को जेसीबी चलाकर भिसवा गांव से घर आया था।

पांच जनवरी को थाने में दर्ज हुई थी गुमशुदगीः 31 दिसंबर 2022 को घर से निकले युवक का शव तीन माह बाद नहर में सड़ी हालत में मिला। जिस युवक के साथ धर्मेंद्र बाहर गया था, वह घर पर ही है। पूछने पर धमकी दे रहा था। मृत युवक के परिजन उसी पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

## नेपाल भंसार कार्यालय पर लहरा रहा क्षतिग्रस्त नेपाली राष्ट्रीय ध्वज



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली,महराजगंज। राष्ट्रीय नेपाली ध्वज पर नही पड रही किसी नेपाल निवासी जिम्मेदार की नजर। पडोसी देश मित्र राष्ट्र नेपाल के बेलहिया भन्सार कार्यालय पर लगा राष्ट्रीय नेपाली ध्वज जो पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। भारत–नेपाल सीमा का सोनौली स्थित बेलहिया प्रवेश द्वार जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है। इसी मार्ग से भारत सहित विश्व के अन्य देशों के हजारों पर्यटक एव मालवाहक वाहन प्रतिदिन आते–जातें है। बताते चलें कि उपरोक्त सीमा से 20 किलोमीटर की दूरी पर नेपाल के लुम्बिनी मे महात्मा बुद्ध की जन्मभूमि भी मौजूद है। जिसके कारण यह सीमा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता हैं। भारत–नेपाल के इस सीमा पर स्थित नेपाल के भन्सार कार्यालय पर नेपाल का क्षतिग्रस्त, राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहा है जबकि यहां पर नेपाल के कई उच्चाधिकारियों के कार्यालय भी मौजूद है। उसके बावजूद भी क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय ध्वज फहर रहा है।

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-मदुआपुर
### विकास खण्ड-खेसरहा ,जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां /पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 21.04.2023 को अपराह्न 01.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 02.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 21.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **मदुआपुर** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **मदुआपुर** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **मदुआपुर** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।14. सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **मदुआपुर** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **श्रीमती अलका सिंह** | **पंकज कुमार त्रिपाठी** |
| ग्राम पंचायत–मदुआपुर | ग्राम पंचायत–मदुआपुर |
| वि0 खंड–खेसरहा | वि0 खंड–खेसरहा |
| जनपद–सिद्धार्थनगर | जनपद–सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय : ग्राम पंचायत- दुल्हाजनोबी
### विकास खण्ड-बर्डपुर ,जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां /पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 09.04.2023 को अपराह्न 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 09.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **दुल्हाजनोबी** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **दुल्हाजनोबी** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **दुल्हाजनोबी** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।

14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **दुल्हाजनोबी** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **रमेशचन्द्र यादव** | **नागेन्द्र राव** |
| ग्राम पंचायत–दुल्हाजनोबी | ग्राम पंचायत–दुल्हाजनोबी |
| वि0 खंड–बर्डपुर | वि0 खंड–बर्डपुर |
| जनपद–सिद्धार्थनगर | जनपद–सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-बेल्टीकर
### विकास खण्ड-नौगढ़ ,जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां /पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 17.04.2023 को अपराह्न 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 11.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 17.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **बेल्टीकर** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **बेल्टीकर** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **बेल्टीकर** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।

14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **बेल्टीकर** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **श्रीमती अनीता यादव** | **प्रीति गुप्ता** |
| ग्राम पंचायत–बेल्टीकर | ग्राम पंचायत–बेल्टीकर |
| वि0 खंड–नौगढ़ | वि0 खंड–नौगढ़ |
| जनपद–सिद्धार्थनगर | जनपद–सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-दुर्जनपुर
### विकास खण्ड-नौगढ़ ,जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां /पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 17.04.2023 को अपराह्न 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 17.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **दुर्जनपुर** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **दुर्जनपुर** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **दुर्जनपुर** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।

14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **दुर्जनपुर** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **श्री पारस नाथ यादव** | **श्रीमती ज्योति पाण्डेय** |
| ग्रामपंचायत–दुर्जनपुर | ग्राम पंचायत–दुर्जनपुर |
| वि0 खंड–नौगढ़ | वि0 खंड–नौगढ़ |
| जनपद–सिद्धार्थनगर | जनपद–सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय :ग्राम पंचायत-कलनाखोर
### विकास खण्ड-खेसरहा , जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां /पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांकः 15.04.2023 को अपराह्न 01.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 02.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांकः 15.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **कलनाखोर** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **कलनाखोर** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **कलनाखोर** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।

14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **कलनाखोर** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **श्री धर्मराज** | **पंकज कुमार त्रिपाठी** |
| ग्राम पंचायत–कलनाखोर | ग्राम पंचायत–कलनाखोर |
| वि0 खंड–खेसरहा | वि0 खंड–खेसरहा |
| जनपद–सिद्धार्थनगर | जनपद–सिद्धार्थनगर |

# तेल में मिलाकर लगाएं ये चीजें, बालों की तमाम समस्याएं होगी दूर



हर लड़की चाहती है कि उसके बाल लंबे, घने और मजबूत रहें। लेकिन आज की जीवनशैली, खराब खानपान और बढ़ते प्रदूषण के चलते बालों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सलाह दी जाती हैं कि बालों में नियमित रूप से तेल लगाया जाए ताकि इन्हें उचित पोषण प्राप्त हो सके। नियमित रूप से ऑयलिंग करने से डैंड्रफ, दो मुंहे बाल और ड्राई हेयर जैसी समस्याएं भी दूर होती है। बालों की ग्रोथ के लिए आप नियमित रुप से कुछ चीजें तेल में मिलाकर लगा सकते हैं। हम आपको यहां उन्हीं चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें तेल में मिलाने से आपके बाल जल्दी लंबे होंगे और कई अन्य फायदे भी मिलेंगे। आइये जानते हैं इनके बारे में...

सरसों का तेल, मेथी और लहसुनः बालों में सरसों का तेल लगाते वक्त लहसुन और मैथी मिलाकर लगाएं। इससे बाल लंबे, घने और काले बनते हैं। इन घरेलू उपायों से बालों की अच्छी ग्रोथ होती है। इसके लिए मेथी दाना को रात भर के लिए थोड़े से पानी में भिगो दें। अगले दिन मेथी और लहसुन को पीसकर पेस्ट बना लें। सरसों का तेल हल्का गर्म कर लें और उसमें मैथी–लहसुन के पेस्ट को मिला दें। अब इस पेस्ट को बालों के स्कैल्प पर लगा लें। हफ्ते में कम से कम एक बार इस पेस्ट का इस्तेमाल बालों पर जरूर करें। इससे बालों की ग्रोथ अच्छी होगी। बाल काले और घने बनेंगे।

नारियल का तेल और हिबिस्कस फूलः हिबिस्कस के फूल आपके बालों के लिए कई गुना लाभकारी होते हैं। वे न केवल बालों के स्वस्थ विकास को प्रेरित करते हैं, बल्कि वे बालों के झडने को भी रोकते हैं और बालों को जल्दी सफेद नहीं होने देते। मुत्र्ठी भर हिबिस्कस फूल लें, उन्हें ठंडे पानी से अच्छी तरह से धो लें और उन्हें धूप में सूखने दें। एक बार सूख जाने पर, नारियल का तेल गर्म करें और ध्यान से हिबिस्कस फूल की पंखुडियों को इसमें मिलाएं। धीमी आंच पर मिश्रण को गर्म होने दें। एक बार हो जाने के बाद, इसके ठंडा होने का इंतजार करें। अब, तेल को एक शीशी में डाल लें। हर ऑल्टरनेट डे पर इसे अपने स्कैल्प पर लगाएं और कम से कम एक घंटा बालों में रहने दें। उसके बाद धो लें।

जैतून का तेल और कलौंजी

बालों की लंबाई बढ़ाने के लिए आप जैतून के तेल में कलौंजी मिलाकर इससे सिर की मालिश कर सकते हैं। इससे बाल मजबूत बनेंगे और बालों की ग्रोथ भी तेजी से बढ़ेगी। जैतून के तेल में एंटी–बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो स्कैल्प की गंदगी और डैंड्रफ को दूर करते हैं। इससे बालों का टूटना–झडना भी बंद होगा। इसका प्रयोग करने के लिए जैतून के तेल में 1–2 चम्मच कलौंजी डालकर उबाल लें। इसे ठंडा कर लें और फिर इसे अपने बालों और स्कैल्प पर लगाएं। आधे घंटे के बाद बालों को शैंपू से धो लें।

नारियल का तेल और प्याजः इसके लिए आप सबसे पहले प्याज के रस को निकालें। फिर आप इसको नारियल तेल में डालकर पका लें। इसके बाद जब ये ठंडा हो जाए तो आप इसको बालों में अच्छी तरह से लगाकर मसाज करें। इससे आपका हेयर फॉल कंट्रोल हो जाता है। इस नुस्खे को आप हफ्ते में एक बार जरूर आजमाएं।

नारियल तेल और करी पत्ता

अगर आप बालों के झडने से परेशान हैं तो इसके लिए नारियल के तेल में करी पत्ता मिलाकर बालों पर लगाएं। इससे बालों की ग्रोथ अच्छी होगी और हेयरफॉल कम होगा। करी पत्ते में बीटा–कैरोटीन और प्रोटीन पाया जाता है जो बालों की ग्रोथ के लिए अच्छा होता है। इसमें भरपूर एंटीऑक्सिडेंट, अमीनो एसिड और कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जिससे बालों का झडना कम होता है। इसके लिए सूखे करी पत्ता को नारियल के तेल के साथ उबाल लें और ठंडा होने पर तेल को छानकर भर लें। इस तेल से बालों की मसाज करें।

नारियल तेल और कपूरः बालों में नारियल और कपूर तेल लगाने से डैंड्रफ की परेशानी को दूर किया जा सकता है। इसी के साथ आप झड़ते बालों की परेशानियों को दूर कर सकते हैं। बालों में कपूर लगाने के लिए आप सबसे पहले 1 कटोरी नारियल तेल लें। इसमें 5 से 6 कपूर की गोलियों लेकर इसे क्रश करके नारियल तेल में डाल लें। अब इसे अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसके बाद इस तेल को एक कंटेनर में डालकर रख दें। इसके बाद जब आप अपने बालो धोने जाएं, तो करीब 30 मिनट से 1 घंटे पहले इस तेल को अपने बालों पर लगाएं। इससे आपके बालों की परेशानियां कम होती है। साथ ही यह बालों को डीप मॉइस्चराजिंग प्रदान कर सकता है।

नारियल तेल और एलोवेरा

अगर आप बालों को जल्दी लंबा करना चाहते हैं, तो नारियल तेल और एलोवेरा का मिश्रण आपके लिए बहुत लाभकारी साबित हो सकता है। इससे बालों के रोम को पोषण मिलता है और बालों का विकास तेजी से होता है। एलोवेरा में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और एंटी–बैक्टीरियल गुण स्कैल्प की डेड स्किन को साफ करने में मदद करते हैं। इससे डैंड्रफ की समस्या दूर होती है और बालों का झडना बंद होता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए एक कप नारियल तेल में आधा कप एलोवेरा जेल डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। इस मिश्रण को बालों में लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। 1–2 बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। नारियल तेल और एलोवेरा का प्रयोग करने बाल लंबे, मुलायम और चमकदार बनेंगे।

## लीजा मलिक ने अपने फिटनेस सीक्रेट्स का किया खुलासा

एक्ट्रेस और सिंगर लीजा मलिक रोजाना वर्कआउट करती हैं। उन्होंने अपने फिटनेस गोल्स को सोशल मीडिया पर शेयर किया।



उन्होंने एक हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए अपने सीक्रेट्स का भी खुलासा किया। एक्ट्रेस ने कहा, लाइफस्टाइल को मेनटेंन रखने के लिए मैंने हमेशा घर का बना सादा संतुलित भोजन खाना पसंद किया। मैं कभी भी दुबले होने में विश्वास नहीं रखती। लिजा ने तोरबाज से बॉलीवुड में कदम रखा और कॉमेडी क्लासेस, कॉमेडी सर्कस, भाग बकूल भाग जैसे टीवी शो में काम किया। एक्टिव और फिट रहने के बारे में बात करते हुए वह कहती हैं, मैं अपने दिन की शुरूआत शहद नींबू वाले गुनगुने पानी के साथ करती हूं, फिर ताजा जूस लेती हूं। मैंने चावल की जगह दलिया या ब्राउन राइस और सामान्य गेहूं के आटे को मल्टीग्रेन आटे से बदल दिया है। मैंने पाया है कि दिन में 4 बार भोजन करना और समय पर सोना हमेशा हेल्थ के लिए फायदेमंद होता है। इसलिए मैं सभी को हेल्दी खाने की सलाह दूंगी और कभी भी भूखा नहीं रहना चाहिए या आहार में कोई बड़ा बदलाव नहीं करना चाहिए।




## जी ले जरा में कैमियो करेंगे शाहरुख, कटरीना–प्रियंका–आलिया संग होगी किंग खान की रोड ट्रिप!




बॉलीवुड इंडस्ट्री की मशहूर डायरेक्टर जोया अख्तर की फिल्म जी ले जरा की जबसे घोषणा हुई हैं तब से ये चर्चा में बनी हुई है। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, कटरीना कैफ और आलिया भट्ट नजर आने वाली है। जोया अख्तर की इस फिल्म का साल 2021 में अनाउंसमेंट किया गया था और बताया गया था कि इसकी कहानी ये रोड ट्रिप पर बेस्ड है। अब इस फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि फिल्म जी ले जरा में बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान कैमियो रोल होगा। आइए जानते हैं कि पूरी खबर क्या है। जोया अख्तर फिल्म जी ले जरा को रीमा कागती के साथ मिलकर बना रही हैं। दोनों ने साथ में फिल्म की स्क्रिप्ट को तैयार की है और इसे प्रोड्यूस कर रही हैं। आलिया भट्ट, कटरीना कैफ और प्रियंका चोपड़ा की फिल्म की शूटिंग के लिए डेट्स का शेड्यूल मैच नहीं हो पाया और यही कारण है कि फिल्म लेट हो गई। अब रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि शाहरुख खान की भी एंट्री हो गई है और वह कैमियो रोल करते नजर आएंगे। ये भी बताया जा हा है कि फिल्म में उनका रोल खास है। हालांकि, मेकर्स की तरफ इस बात की घोषणा नहीं की गई है। फिल्म जी ले जरा में ये पहला मौका होगा जब तीन एक्ट्रेसेस आलिया भट्ट, कटरीना कैफ और प्रियंका चोपड़ा साथ में काम करते नजर आएंगी। वहीं, शाहरुख खान के साथ ये तीनों एक्ट्रेसेस अलग–अलग फिल्मों में काम कर चुकी हैं। शाहरुख खान के साथ आलिया भट्ट ने फिल्म डियर जिंदगी, कटरीना कैफ ने फिल्म जब तक है जान और प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म डॉन और डॉन 2 की है। शाहरुख खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह पिछली बार फिल्म पठान में नजर आए थे। अब वह फिल्म जवान और फिल्म डंकी में काम करते दिखाई देंगे।

## सनी सिंह ने किया फिल्म लव की अरेंज मैरिज का ऐलान, अवनीत कौर होंगी जोड़ीदार



बॉलीवुड इंडस्ट्री में आए दिन नई फिल्मों का अनाउंसमेंट होता रहता है। फैमिली एंटरटेनर पसंद करने वाले लोगों के लिए गुडन्यूज है। दरअसल, राज शांडिल्य और विनोद भानुशाली ने मिलकर एक फिल्म बनाने का प्लान किया है और इसका अनाउंसमेंट हो गया है। इस फिल्म का नाम लव की अरेंज मैरिज होगी और इसके डायरेक्शन की जिम्मेदारी इशरत खान के कंधों पर होगी। फिल्म लव की अरेंज मैरिज में लीड स्टार्स के तौर पर सनी सिंह और अवनीत कौर नजर आने वाले हैं। आइए जानते हैं कि इसके अलावा फिल्म कौन–कौन से कलाकार हैं और फिल्म की शूटिंग कब शुरू होने वाली है। डायरेक्टर राज शांडिल्य और प्रोड्यूसर विनोद भानुशाली ने फिल्म लव की अरेंज मैरिजके लिए हाथ मिलाया है। ये फिल्म फैमिली एंटरटेनर है और इसकी शूटिंग मध्यप्रदेश में शुरू हो गई है। फिल्म लव की अरेंज मैरिज सनी सिंह और अवनीत कौर के अलावा अन्नू कपूर, सप्रिया पाठक, राजपाल यादव, सुधीर पांडे और पारितोष त्रिपाठी नजर आएंगे। इस फिल्म का डायरेक्शन इशरत खान करेंगी। फिल्म को प्रोड्यूस करने की जिम्मेदारी विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, राज शांडिल्य और विमल लोहाटी के कंधों पर है। बताते चलें कि ये पहला मौका होगा जब सनी सिंह और अवनीत कौर किसी फिल्म में साथ में काम करते नजर आएंगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो सनी सिंह फिल्म लव की अरेंज मैरिज के अलावा फिल्म आदिपुरुष और फिल्म यार जिगरी में नजर आने वाले हैं। वहीं, अवनीत कौर फिल्म लव की अरेंज मैरिज के अलावा फिल्म टीकू वेड्स शेरू में काम करते दिखाई देंगी। राज शांडिल्य ने आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल को डायरेक्ट किया था और ये फिल्म हिट रही थी। अब इस फिल्म का सीच्ल ड्रीम गर्ल 2 इसी साल जुलाई में रिलीज होने वाला है। इसके अलावा राज शांडिल्य ने कई फिल्मों के डायलॉग लिखे हैं। वहीं, विनोद भानुशाली बॉलीवुड इंडस्ट्री के जाने–माने प्रोड्यूसर हैं और उन्होंने कई फिल्मों को प्रोड्यूस किया है।

## फेशियल ऑयल क्या है? जानिए इसे लगाने का सही तरीका



फेशियल ऑयल चेहरे पर प्राकृतिक चमक लाने और इसे हाइड्रेट रखने में मदद कर सकता है। ये तेल आमतौर पर पौधों के अर्क, एंटी–ऑक्सिडेंट, गैर–कॉमेडोजेनिक वनस्पति तेलों और एसेंशियल ऑयल्स से बने होते हैं, जो त्वचा को नरम, पोषित और संतुलित करते हैं। ये आपकी त्वचा को प्रदूषक कणों और सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से भी बचाते हैं। आइए आज हम आपको त्वचा की देखभाल के लिए फेशियल ऑयल के इस्तेमाल का सही तरीका बताते हैं।

फेशियल ऑयल क्या हैं?

फेशियल ऑयल चेहरे पर लगाया जाने वाला पोषक तत्वों से भरपूर तेल होता है। यह आपकी त्वचा में नमी और हाइड्रेशन से भरपूर बनाने में मदद करता है। यह तेल त्वचा में गहराई तक प्रवेश करता है और सीबम के उत्पादन को नियंत्रित करते हुए इसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की आपूर्ति करता है। यह चेहरे को चिकना किए बिना महीन रेखाओं और झुर्रियों को कम करने में भी सहायक है।

फेस ऑयल कैसे चुनें?

चेहरे के लिए ऐसे तेल चुनें, जो प्राकृतिक और जैविक अवयवों से बने हों और आपकी त्वचा को पोषण प्रदान करें। मिट्टी जैसी और ताजी सुगंध वाले तेल शुद्ध और अनरिफाइंड गुणों का संकेत देते हैं। अगर आपकी तैलीय या मुंहासे वाली त्वचा है तो जोजोबा, हेजलनट और पेरिला के अर्क वाले फेशियल ऑयल चुनें। यदि आपकी त्वचा रूखे प्रकार की है तो आर्गन, मराकुजा, अंगूर के बीज या सूरजमुखी तेल को चुनें।

सीरम बनाम फेशियल ऑयल

फेशियल ऑयल का मुख्य उद्देश्य त्वचा को पोषण प्रदान करते हुए इसे हाइड्रेट और मॉइस्चराइज करना है। दूसरी ओर, एक फेशियल सीरम विभिन्न त्वचा की समस्याओं जैसे जलन, सूजन, महीन रेखाओं और झुर्रियों को दूर करने में मदद करता है। सीरम हल्के और पानी आधारित होते हैं, जबकि फेशियल ऑयल आमतौर पर भारी होते हैं। आप पहले सीरम का उपयोग कर सकते हैं और उसके बाद फेशियल ऑयल लगा सकते हैं। आप घर पर भी फेस सीरम बना सकते हैं।

फेशियल ऑयल को लगाने का सही तरीका क्या है?

त्वचा की देखभाल के दिनचर्या में अंतिम चरण के तौर पर चेहरे पर फेशियल ऑयल लगाया जाना चाहिए ताकि सुबह उठकर आपके चेहरे पर चमक रहे। आप चाहें तो दिन में इसे लगाने के लिए इसकी कुछ बूंदों को अपने मॉइस्चराइजर में मिला सकते हैं। अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए इसे दिन में 2 बार उपयोग करें। हालांकि, कभी भी सनस्क्रीन के साथ फेशियल ऑयल को न मिलाएं।